बुद्धिप्रभावेनाऽनिरुद्धागति रस्मदीयाऽचलोतुङ्गशिखरेषु, गिरिनदीषु, सघनवनेषु; माहोदधौ वायुमण्डले वा ॥ किम्बहुना सर्वामपिप्रकृतिं विज्ञाय विनियम्यच स्वार्थान्साधयन्तस्ससुखं निवसामः ॥

परमस्मत्पूर्वजा आर्याः प्राकृतज्ञानविहीना निषादवेषधारिणो वल्कलकलितकायरक्षा मांसम्भक्षयन्त स्सदनान्यनुपलभमाना विपिनेषुवसन्तो निजजीवनमयापयन् ।

नाज्ञासिषुस्ते कथमिव राज्यमनुष्ठेयं को वा सुन्दरभवननिवासास्वादः किन्नामधूमनौर्धूमशकटं वा, किमिदमर्थशास्त्रं रासायनशास्त्रं शिल्पशास्त्रं वैद्यकशास्त्रं वा, का वा क्षत्रविद्या नक्षत्रविद्या कृषिविद्या व्यापारविद्या भूगर्भविद्या भूतविद्येति ॥

अतो जात्यभिमानविरहितानां पाश्चात्यसभ्यताऽनुचराणाञ्जनाना म्परिबोधायास्त्यत्राकिञ्चिल्लिलेखायिषितम् ॥

अस्माभिरादावार्याणामात्मपरमात्मज्ञानविषये समासतयोक्तमत्रपूर्वप्रतिज्ञा "तमार्याः प्राकृतज्ञानेऽपि पराङ्काष्ठां लेभिरे" इत्यर्थं साधयितुं समीहामहे ॥

सदस्याः !

"पद्मपुष्कर सम्बाधं गजयूथैरलङ्कृतम् ।
सारसैर्हंसकादम्बैः संकुलंजलजातिभिः ॥

प्रसन्नसलिलेरम्ये तस्मिन्सरासिशुश्रुवे ।
गीतवादित्रनिर्घोषो नचकश्चनदृश्यते ॥ ”

इत्यादिश्लोकैरुपश्लोकितम्पञ्चाप्सरस्यन्तराहितं मुनिनामाण्डकर्णिना निर्मितं गृहम् ॥

(बा० अ० का० एकादशसर्गे)

“ दृष्ट्वायं प्रव्यथिताः सम्भ्रान्ता नष्टचेतसः ।
कस्यैते काञ्चना वृक्षास्तरुणादित्यसन्निभाः ॥
शुचीन्यभ्यवहाराणि मूलानिच फलानिच ।
काञ्चनानि विमानानि राजतानि गृहाणिच ॥
तपनीयगवाक्षाणि मणिजालावृतानिच ।
पुष्पिताःफलवन्तश्च पुण्याः सुरभिगन्धयः ॥
इमेजम्बूनदमयाः पादपाः कस्यतेजसा ।
काञ्चनानिच पद्मानि जातानि विमले जले ॥

इत्यादि पद्यै वर्णितन्दानवमुख्याविश्वकर्मकृतं सुमहद्विलम् ॥

(बा. किष्कि. का. एकपञ्चाशः सर्गे)

“पुष्पभारनिबद्धाँश्च तथा मुकुलितानपि ।
पादपान्विहगाकीर्णान्पवनाधूतमस्तकान् ।
हंसकारण्डवाकीर्णा वापीः पद्मोत्पलावृताः ।
आक्रीड़ान्विविधान्रम्यान्विविधाँश्चजलाशयान् ॥
संततान्विविधैर्वृक्षैः सर्वर्तुफलपुष्पितैः ।
उद्यानानिचरम्याणिददर्शकपिकुञ्जरः ॥
समासाद्यच लक्ष्मीवांल्लङ्कां रावणपालिताम् ।

परिखाभिः सपद्माभिः सोत्पलाभिरलङ्कृताम् ॥
काञ्चनेनावृत्तां रम्या स्प्राकारेण महापुरीम् ।
गृहैश्चगिरिसङ्काशैः शारदाम्बुदसन्निभैः ॥
पाण्डुराभिः प्रतोलीभि रुच्चाभिरभिसंवृताम् ।
अट्टालकशताकीर्णा स्पताकाध्वजशोभिताम् ॥
तोरणैः काञ्चनैर्दिव्यैर्लतापङ्क्तिविराजितैः ।
ददर्श हनुमाँल्लङ्कां देवो देवपुरीमिव ॥
वप्रप्राकारजघनां विपुलाम्बुवनाम्बराम् ।
शतघ्नीशूलकेशान्ता मट्टालकावतंसकाम् " ॥

(वा. रा. सुन्द. का० द्वितीय सर्गे)

इति राक्षसेन्द्रपालिता विश्वकर्मनिर्मिता पूर्वोक्तपद्ये रूपश्लोकिता लङ्काच कस्य सचेतसो मनसि नोद्भावयति तत्कालीनजनानां शिल्पशास्त्रविज्ञत्वम् ॥

दरीदृश्यतेच महाभारतसभापर्वणि मयासुरकलितसभावर्णनं यत्र दुर्योधनो वारिरहितेऽपि काचमिश्रे भूतले ऽम्बुभ्रमेण वस्त्रजात माद्रीभूतं मास्मभूदिति स्वीयां शाटीमुत्थापयामास सनीरे सरसिस्थलमात्रभ्रमेण पपातच ॥ किञ्चभोः !

धूमकशटप्रयोगकृता भूमिवलये धूमप्रयुक्ता याहानिःसञ्जायते तां को न वेद; इष्यतेच धूमशकटार्थं भूतले द्राघीयान् भूप्रदेशश्चेत्तस्मिन्कृषिर्जायेत जायेत तेनैव दुर्दैवपीड़ितजनानामुदरपूर्तिरित्यर्थशास्त्रदृष्ट्या विमानापेक्षयाधूमशकटप्रयोगोहानिकरः ॥

अत एवास्मत्पूर्वजै रार्ये धूमशकटस्थाने विमानैर्यात्रा अक्रियत;

महाभारते रामायणेच स्थले स्थले विमानानां कीर्तनं कृतमस्ति; यान्कलयितुन्नाद्यावधि पाश्चात्याः प्रभवन्ति ॥

अधीतपुष्पकविमानवृत्तो विज्ञ एव केवलं वेत्ति प्राच्यभारतीयाना-मधिगतशिल्पशास्त्रत्वम्। महाभारते विनिमयप्रकारो लक्ष्यते लक्ष्यतेच रामायणेऽपि यत्ते कर्मकरेभ्यः कार्यं कारयन्तोमुद्रारूपेण भृतिकां ददुः ॥

श्रूयते च शुक्रनीतौ: ।

"अर्थशास्त्रं कामशास्त्रं तथा शिल्पमलङ्कृतिः"

अर्थशास्त्रं लक्षयतिः—

"श्रुतिस्मृत्यविरोधेन राजवृत्तादिशासनम् ।
सुयुक्त्यार्थार्जनंयत्र ह्यर्थशास्त्रं तदुच्यते ॥

इत्येतावता सिद्धमार्याणामर्थशास्त्रज्ञत्वम् ; उपवेदस्यार्थवेदस्य विद्यमानताप्यत्र प्रामाण्यमर्हति ॥

"तस्यवृद्ध्यैतड़ागं वा वापिकां कृत्रिमां नदीम् "

इति वाक्यं ध्वनयति तत्कालिक जनानां कृत्रिमनदी कुल्यादि (नहर) निर्माणप्रकारविज्ञत्वम् ॥

"मत्स्याहि शङ्खवाराहवेणुजीमूतशुक्तितः ।
जायते मौक्तिकं तेषु भूरिशुक्त्युद्भवंस्मृतम् ॥"
"कुर्वन्ति कृत्रिमं तद्वत् सिंहलद्वीपवासिनः "

एतानि वाक्यानि स्पष्टम्प्रदर्शयन्ति प्राचीनार्याणा-मभिनवकृत्रिममौक्तिकनिर्माणचातुरीम् ॥

"तथापुष्करिणीं कुण्डं जलमूर्ध्वगतिक्रियाम् ।
सुशिल्पशास्त्रतः सम्यक् सुरम्यन्तु यथाभवे ।"

"कर्तुं जानाति यः सैव गृहाद्यधिपतिः स्मृतः ।
इत्येतावता सदनेषु जलाब्युन्नयनविधिवेत्तृत्वमार्याणां द्योतितम्
"धात्वौषधीनां संयोगक्रियाज्ञानं कलास्मृता ।"
"धातुसाङ्कर्यपार्थक्य करणन्तु कलास्मृता"
"संयोगपूर्वविज्ञानं धात्वादीनां कलास्मृता"
"कृत्रिमस्वर्णरत्नादिक्रियाज्ञानं कलास्मृता"
"काचपात्रादिकरणविज्ञानन्तु कलास्मृता"
घोषयन्त्येतानिपद्यान्यार्याणां रसायनशास्त्रज्ञत्वम् ॥

सन्तीमानि सकलवाक्यानि शुक्रनीतेः सेयं शुक्रनीतिः शुक्राचार्यविराचितैवेत्यत्रनास्तिविप्रातिपत्तिः, शुक्राचार्यनामसंकीर्तनं महाभारतेऽपि कृतमिति सोयम्महाभारतात्प्राचीनः प्रतीयते ॥

यदिदं श्रूयते वाल्मीकिरामायणबालकाण्डपञ्चम सर्गः—

"अयोध्यानाम नगरी तत्रासील्लोकविश्रुता ।
मनुना मानवेन्द्रेण या पुरीनिर्मिता स्वयम् ॥
आयतादशचद्वेच योजनानी महापुरी ।
श्रीमतीत्रीणि विस्तीर्णा सुविभक्तमहापथा ॥
मुक्तपुष्पावकीर्णेन जलसिक्तेननित्यशः"
राजमार्गेण महाता सुविभक्तेन शोभिता ।
"सर्वयन्त्रायुधवती शतघ्नी शतसंकुला ।"

तेन विजानीमस्तास्मिन्समये भारते व्यापारवृद्धिः प्राचुर्येणाऽभवत्; यतो हि महतोमहतां नगराणां तदानीमेव रचना सञ्जायते यदा देशे समुन्नतो व्यापरो भवति ॥

यथात्र वर्णिता अयोध्यापूस्तथा विज्ञायते तस्याः सुमहान् प्रसारः स्पष्टमुक्तञ्च सूरिणाः—

"नानादेशनिवासैश्चवाणिग्भिरुपशोभितेति"

अधिगम्यते चान्यदपि शुक्रनीतौ प्रथमाऽध्याये:—

"यामिकैः रक्षितोनित्यं नालिकास्त्रश्चसंयुतः"

द्वितीयाऽध्याये:—

"महानालिकयन्त्रास्थगोलैर्लक्ष्यविभेदिनः"

"लघुयन्त्राग्नेयचूर्णं वाणगोलासिकारिणः"

तथाहि चतुर्थाऽध्यायस्यषष्ठप्रकरणेः—

"नालिकं द्विविधं ज्ञेयं वृहत्क्षुद्रविभेदतः
तिर्यगूर्ध्वच्छिद्रमूलं नालं पञ्चवितास्तिकम्"
मूलाग्रयो लक्ष्यभेदि तिलविन्दुयुतंसदा ।
यन्त्राघाताग्निकृद् ग्रावचूर्णधृक्कर्णमूलकम् ॥
सुकाष्ठोपाङ्गबुध्नञ्चमध्याङ्गुलविलान्तरम् ।
स्वान्तेग्निचूर्णसन्धातृशलाकासंयुतंदृढम् ॥
"लघुनालिकमप्येतत् प्रधार्य पत्तिसादिभिः"

अत्रत्यं नालिकास्त्रवृत्तं सर्वथाऽपि सुप्रसिद्धवन्दूकास्त्रसमम्प्रतिभाति तर्हि कथन्नाम नोच्येतयदिदं नालिकास्त्रं नामास्त्रं तद् भारतीयेभ्य एवाधिगतन्पाश्चात्यैरिति यतो ह्येकादशशतकात्प्राक् पाश्चात्यजनसमाजे वन्दूकास्त्रस्य नामाऽपि नाश्रूयत ॥

तदनु अधोङ्कितपद्यैरस्मिन्नालिकास्त्रे प्रयोजनीयेन चूर्णेन कीदृशेन भाव्यमिति प्रदर्शयाति :—

"गोलो लोहमयो गर्भगुटिकः केवलोऽपिवा ।
सीसस्यलघुनालार्थे ह्यन्यधातुभवोऽपिवा ॥
सुवर्चिलवणात्पञ्चपलानि गन्धकात्पलम् ।
अन्तर्धूमविपक्कार्क स्नुह्याद्यङ्गारतः पलम् ॥
शुद्धात् संग्राह्य सञ्चूर्ण्य सम्मील्य प्रपुटेद्रसैः ।
स्नुह्यर्काणां रसोनस्य शोषयेदातपेनच ॥
पिष्ट्वाशर्करवच्चैतदाग्निचूर्णं भवेत् खलु ॥"

इदमेव नालिकास्त्रं भुशुण्डीशब्देन महानालिकास्त्रं शतघ्नी शब्देन च रामायणे महाभारते च सुप्रसिद्धं व्यवह्रियमाणं दरीदृश्यते ॥

तथाऽपरेषां शस्त्रास्त्रादीनां वर्णन मुपलभामहे, येषां सम्प्रति नामाऽपि न श्रूयते यान्कल्पयितुमपि न प्रभवन्ति पाश्चात्य-विज्ञाः ॥

श्रूयते छान्दोग्योपनिषदि:—

"स होवाचर्ग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमाथर्वणञ्चतु-र्थमितिहासं पुराणं पञ्चमं वेदानां वेदं पित्र्यं राशिं दैवं निधिं वाको वाक्यमेकायनं देवविद्यां ब्रह्मविद्यां भूतविद्यां क्षत्रविद्यां नक्षत्रविद्यां सर्पदेवजनविद्यामेतद् भगवोऽध्येमीति"

इदमखिलं विज्ञायाऽपि कोहिनाम एतादृशः परदेशसम्भव-सभ्यतादासो भविष्यति योह्यार्यान्निजपूर्वजान्प्राकृतज्ञानविही-नान्वदिष्यति ॥ एतावता समासतया आर्याणां प्राकृत ज्ञानवित्तत्व म्प्रदर्शितमस्माभि रथेदानीम् तत्कालिक सभ्यसमाजऽधिकृतवक्ष्यमाण-

गुणान्संक्षेपेण प्रदर्शयामः—

(१) स्वातन्त्र्यम् (२) ब्रह्मचर्यनिष्ठा (३) स्वयम्वरविवाहः (४) स्त्रीणांसंमानः (५) प्रजातन्त्रराज्यम् (६) धर्मनिष्ठा (७) परोपकारवृत्तिः (८) अहिंसा वृत्तिरिति ।

(१) स्वातन्त्र्यम्

तत्थ्यमुक्तं मानवेन्द्रेण मनुनाः—

"सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्"

तथाच शुक्रनीतौ तृतीयाध्याये:—

"पारतन्त्र्यात्परं दुःखं न स्वातन्त्र्यात्परं सुखम्"

परपादाक्रान्तजाति जगति सभ्येति वक्तुं न युज्यते स्वल्पतरेतरोऽपि देशश्चेत्स्वतन्त्रस्तर्हि जगति तस्य सर्वेप्यपरदेशवासिनः श्लाघांविदधति; परं सुमहानपि चेत्कश्चन परतन्त्र स्तत्रत्याः जनाः विद्वांसो बुद्धिमन्तोऽपि भवेयुस्तदाप्यर्धसभ्यशब्दभाग् भवति ॥ परतन्त्रदेशस्य यादृशी दुर्गति र्जायते साम्प्रतं तां को न जानीते; नह्यस्मिन्समये तां दशां वर्णयितुमियंपरतन्त्रा लेखिनी कथमपि समर्थेत्येनं विषयमत्रैव दूरतः परिहृत्य प्रसङ्गपरिप्राप्तविषयमनुसरामः ॥ प्राङ् महाभारतयुद्धान्नाभवदयं देशः स्वप्नेऽपि परतन्त्रः पालयति महीं दशरथे सार्वभौमराज्यमासीदार्याणाम् यतो विभिन्नप्रदेशेभ्यो महाराजाज्ञया समाहूता नानादेशवासिनो माण्डलिका ससमागताः रामं राज्येऽभिषिञ्चति महीभुजि दशरथे ॥

किञ्च चीनदेश वास्तव्यो भगदत्तः पातालदेशीयो बभ्रुबाहनो हरिवर्षीयो विडालाक्षः सर्वेप्येते राजानः अजातशत्रोर्युधिष्ठिराज्ञया राजसूययज्ञे समागताः, अधिकारमतन्त्रा कथमिव युधिष्ठिर आज्ञया

एतानाह्वयेदिति प्रतीयते आस्वायम्भवाद् युधिष्ठिरपर्य्यन्तं भारतीयानामार्य्याणां चक्रवर्ति राज्यमभवत् ॥

स्वाधीनता सुखमनुभवता भारतेन स्वायत्ती कृता लङ्कादयोऽपि देशाः स्वोदारतया स्वतन्त्राः कृताः प्रशस्यतरं हि भारतभूषणानां रामचन्द्रादीनां तत्कर्म; उदारचरितानां सभ्यानां वसुधैव कुटुम्बकं भवतीत्यत्र नास्ति सन्देहः ॥ संसारेस्मिन्नास्ति कस्याप्यधिकारोयदयमपरजनं स्वाधीनं विदध्यात् ॥ परमेश्वरस्य पुत्रत्वेन स्थिताः सन्ति सर्वेऽपि मनुष्याः समाऽधिकारिणः ॥ परं सम्प्रति सभ्यम्मन्यसमाजेषु विलोकयामो यान्देशानाधिकुर्वन्ति तत्रत्य जनतां निजदासभावेन स्थितां जानते; तत्रत्यां महीमप्यात्मीय गर्भैश्वर्यमिवाभिमन्वते; विदधते च बहुविधानत्याचारान्; तथा प्रयतन्ते यथा न कथमपि परतन्त्रा जातिः स्वातन्त्र्य लाभं कर्तुम्प्रभवेदिति; सुस्पष्टोऽयं भेदो नव्यपाश्चात्यसभ्यतायाम्प्राचीनार्यजनसभ्यतायञ्चेति ॥

(२) ब्रह्मचर्यनिष्ठा

"अग्ने व्रतपते व्रतंचरिष्यामीत्यादि" मन्त्रैरुपदिष्टब्रह्मचर्यव्रतधारणैकसाधनेयं गुरुकुलप्रणाली भारते प्राचीनतमेति प्रमीयते; ॥

प्रातस्स्मरणीयेन जगदभिरामेण रामेण पञ्चविंशति वर्षाऽवस्थायामेवोद्वाहो व्यधायि ॥

श्रूयते हि रामायणेः—

"मम भर्ता महातेजा वयसा पञ्चविंशकः ।
अष्टादश हि वर्षाणि ममजन्मानि गण्यते" ॥

अत्राह टीकाकृत्:—

"वननिर्गमनकाल इतिशेष"।

विवाहोत्तरमेव सत्वरं रामस्य राज्याभिषेकहेतोर्वनगमनं प्रसिद्धमिति ज्ञायते ब्रह्मचर्यधारणपूर्वकमेव रामेण गृहस्थाश्रमेपदं न्यधायि आसीच्चसीतातदानीमष्टादशवार्षिकी ॥

उपनिषत्सु सत्यकामस्यः—

"ब्रह्मचर्य्यं भगवति वत्स्याम्युपेयां भगवन्तमिति"

वाक्यै ब्रह्मचर्य्यधारणं प्रसिद्धमित्थं श्वेतकेतोरपि ॥ मनुना मानवधर्मशास्त्रे ब्रह्मचर्यस्य गुणवर्णनं कुर्वता कथं व्यलेखीति मनुस्मृति दर्शन मात्रेणैवावसीयते ॥

भरतस्य लक्ष्मणस्य चः—

"एवमुक्तस्तु रामेण लक्ष्मणो वाक्यमब्रवीत् ।
नाहं जानामि केयुरे नाहं जानामि कुण्डले ॥
नू पुरे त्वभिजानामि नित्यं पादाभिवन्दनात्"

इत्यादि पद्यैर्यतित्वं लोकप्रसिद्धमेव, महाभारतसमये भीष्मकृतं ब्रह्मचर्यव्रतधारणं नितरामनुसरणीयमेव ॥

यद्यपि बहुत्र ब्रह्मचर्यस्य महिमा श्रूयते संस्कृतसाहित्ये तथापि राज्ञो दशरथस्य दारत्रयी ? पाण्डुपुत्राणां पञ्चानामप्येकस्याः कृष्णायाः स्त्रीत्वेनोररी करणमार्यजनसमाजेऽक्षालनीयङ् कलङ्क मिवाभाति ॥

परन्तथाऽपि सम्पत्तिप्राचुर्य्यात्प्राचुर्येण व्यभिचारे प्रवृत्तिर्लक्ष्यते यथा पाश्चात्यानां न तथार्यजनसमाजे ह्युपलभामहे ॥

(३) स्वयम्वरविवाहः ॥

पतिपत्नी व्यवहारो यादृशो यूरोपदेशे पातालदेशे वा विद्यन्

स सर्वथाऽपिगर्हणीयः; श्रूयते दृश्यते च पुस्तकेषु यदि पत्नी निजपति दुर्व्यवहार कारणात् खिन्नमनस्का सञ्जायते; भवति वा पर पुरुषासक्तमानसा तर्हि सा तम्परित्यज्यान्यं वरं वृणोति; इत्थं मनुष्या अपि बहुत्र चरन्ति; तेन व्यभिचारस्य दुःखोद्भावको मार्गः प्रतिदिनमेधते ॥

यदि स्वयम्वरविवाहेनोद्वहेत् कामपि कश्चित्तर्हि तयोर्वियोगस्य सम्भावना ह्यसम्भाविनी सभ्यसमाजे भाव्यमेवाश्यं स्वयम्वर-विवाहेन, आसीच्चेयं प्रथा आर्येषु; नलाजरामयुधिष्ठिरादीनां दृष्टान्त-त्वेन विद्यमानत्वात् ॥

(४) स्त्रीणां संमानः ॥

सदस्याः !

ऐतिहासिकानामिदमस्ति मतं यदि कस्याऽपि मनुष्यसमाजस्य जातेर्वा सभ्यता परीक्षणीयाऽस्ति तर्हि पूर्वोक्तजात्युद्भवानां नारीणां स्थितिरप्यवश्यं परीक्षणीयेति; तदिदानीम्प्राचीनार्यजाति-ललनागणस्थितिमालोचयामः धर्म्मार्थापत्नी धर्म्मपत्नीति धर्म्मपत्नी श-ब्दस्य संस्कृतभाषायां विद्यमानतैव द्योतयति आर्येषु पतिपत्नी सम्बन्धो धर्ममादायैव प्रवृत्तो नत्वधर्मं व्यभिचारादिकम् ।

इयं नारी अर्द्धाङ्गिनी विवाहोत्तरमुद्वाहयितु र्जायत इति पतिपत्नी सम्बन्धोऽभङ्गुरो दृढः प्रतीयते; सीतायाः रामस्यच पतिपत्नी भावसम्बन्ध आदर्शरूपेण विद्यमानोऽद्याऽपि भारतम्भूषयति ॥

उक्तं मनुना मानवधार्म्मे:—

"पितृभि र्भ्रातृभिश्चैताः पतिभिर्देवरै स्तथा ।
पूज्या भूषयितव्याश्च बहुकल्याणमीप्सुभिः" ॥
"यत्रनार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः" ॥
"शोचंति जामयो यत्र विनश्यत्याशुतत्कुलम् ।
नशोचन्ति तु यत्रैता वर्द्धतेतद्धि सर्वदा" ॥
"तस्मादेताः सदापूज्याः भूषणा च्छादनाशनैः ।
भूति कामै र्नरैर्नित्यं सत्कारेषूत्सवेषुच" ॥

एतावता स्पष्टं मनुसमये जायन्तेस्म नारीणां सम्मानादिकाः क्रियाः ॥

यदिदमुपलभ्यते वाल्मीकिरामायणायोध्याकाण्डाष्टसप्ततितमे सर्गः—

"इमामपिहतां कुब्जां यदि जानाति राघवः ।
त्वाञ्च माञ्चैव धर्मात्मा नाभिभाषिष्यतिध्रुवम्" ॥

तेन ध्रुवमेष निश्चयो यन्नारीणां ताडनादिकमधर्मोद्भावकममन्यन्त रामसमसमयवर्तिनो जनाः । तथाच श्रूयते किष्किन्धाकाण्डत्रयस्त्रिंशत्तमेसर्गः—

"त्वद्दर्शने विशुद्धात्मा नस्म कोपं करिष्यति ।
न हि स्त्रीषु महात्मानः क्वचित्कुर्वन्तिदारुणम्" ॥

एतावता दर्शितमस्माभिरार्य्यैं र्नारीणां पूजनमक्रियत परम्पाश्चात्य जनसमाजे तासां कीदृशी दशाऽभूदिति मैकोलेशब्दैरेव दर्शयामः, मैकोले महाशयेनः—

The state of England in 1685.

The third chapter of Macaulay's History इति निजनिर्मितपुस्तके व्यलेखि;:—

"Husbands, of decent station, were not ashamed to beat their wives." इति

पुराऽभूवन् गार्गी मैत्रेयी प्रभृतयस्सुप्रसिद्धा बहुबिधविज्ञान-पारगाः स्त्रियो भारते ॥

यद्पीदम्पाठितं शुक्राचार्य्येण शुक्रनीतौः—
"मूर्खः पुत्रोऽथवा कन्या चण्डीभार्या दरिद्रता ।
नीचसेवा ऋणंनित्यं नैतत्षट्कं सुखायच" ॥
तेन विज्ञायतआर्यैः कन्यानामपाठनं दुःखोद्भावकममन्यत ॥
श्रूयते च वृहदारण्यकोपानिषदिः—

अथ य इच्छेद्दुहिता मे पण्डिता जायेत सर्वमायुरियादिति तिलौदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जनयित वै १७ ॥

तथाच बाल्मीकि रामायणायोध्या काण्डे नियता ब्रह्मचारिणीति" सीताया विशेषणमुपलभ्यते ॥ यथा ब्रह्मवेदस्तास्मिँश्चरति योऽसौ ब्रह्मचारी वटुरुच्यते; तथैव ब्रह्म वेद स्तस्मिँश्चरति या सा ब्रह्मचारिणी बालेत्यपि वक्तुं युक्तम् ॥

एतेन आर्येषु नारीणां पाठन प्रणाली प्रथिताऽऽसीत्पुरेति सिद्धान्तः समीहितम् ॥

(९) प्रजातन्त्र राज्यम्

पारिषद्याः !

सम्प्रति राजनैतिकानधिकारानभीप्सुभिर्भारतीयैर्मुहुर्मुहुर्याचमानैरपि इदमेव श्रूयते पाश्चात्य जनसमाजतो यद् भवताम्पूर्वजैर्न कदाचिदपिनियमेन राज्यं कृतमतो न विदन्तिभवन्तः कथमिव प्रजाशासनीयेति ॥

परन्तेषामियं युक्ति स्सर्वथाप्यसमञ्जसा प्रतिभाति नो यदा वयं राज्ञो दशरथस्य शासन प्रणालीमवलोकयामो वाल्मीकि रामयणे; नहि भूभुजादशरथेनैकाकिनाऽक्रियत राजशासनं परमासीन्मन्त्रिसभा तस्य सहाय्यकर्त्री ॥

यदुक्तम्:—

"तस्यामात्या गुणैरासन्निक्ष्वाकोः सुमहात्मनः ।
मन्त्रज्ञाश्चेङ्गितज्ञाश्च नित्यं प्रियहितेरताः ॥
अष्टौ बभूवुर्वीरस्य तस्यामात्या यशस्विनः ।
शुचयश्चानुरक्ताश्च राजकृत्येषु नित्यशः ॥
धृष्टि र्जयन्तो विजयः सुराष्ट्रो राष्ट्रवर्धनः ।
अकोपोधर्मपालश्च सुमन्त्रश्चाष्टमोर्थवित् ॥
ऋत्विजौ द्वावभिमतौ तस्यास्तामृषिसत्तमौ ।
वसिष्ठो वामदेवश्च मन्त्रिणश्च तथापरे ॥
सुयज्ञोप्यथ जावालिः काश्यपोप्यथगौत्तमः ।
मार्कण्डेयस्तुदीर्घायु स्तथा कात्यायनो द्विजः ॥
एतै ब्रह्मर्षिभिर्नित्य मृत्विजस्तस्य पौर्वकाः ।
विद्याविनीता ह्रीमन्तः कुशला नियतेन्द्रियाः ॥
गुरोर्गुण ग्रहीताश्च प्रख्याताश्च पराक्रमैः ।

विदेशेष्वपि विज्ञाताः सर्वतो बुद्धिनिश्चयाः ।
अभितो गुणवन्तश्च नचासन्गुणवर्जिताः ॥
सन्धिविग्रहतत्त्वज्ञाः प्रकृत्या सम्पदान्विताः ।
मन्त्र संवरणे शक्ताः शक्ताः सूक्ष्मासु बुद्धिषु ।
नीतिशास्त्र विशेषज्ञाः सततं प्रियवादिनः ॥
ईदृशैस्तैरमात्यैश्च राजादशरथोऽनघः ।
उपपन्नो गुणोपेतै रन्वशासद्वसुन्धराम् ॥
वा. रा. बा. काण्ड सप्तमेसर्गे ॥

किञ्चभो ?

वृद्धत्वं गतेदशरथे रामराज्येऽभिषेक्तुमाहूता सभाराज्ञा, असति प्रजातन्त्रराज्ये राजा सभासम्मतिमन्तरेणाऽपि यं कमपि वांच्छेत् तस्मै स्वीयं राज्यं दद्यादेव, परं न कृतमित्थं दशरथेन किन्तुः—

"ततः परिषदं सर्वामामन्त्र्य वसुधाधिपः ।
हितमुद्धर्षणं चैवमुवाच प्रथितं वचः ॥
"सोऽहं विश्राममिच्छामि पुत्रं कृत्वा प्रजाहिते ।
सन्निकृष्टानिमान्सर्वाननुमान्य द्विजर्षभान्" ॥
"यदिदं मेऽनुरूपार्थं मयासाधु सुमन्त्रितम् ।
भवन्तोमेनुमन्यन्तां कथं वा करवाण्यहम्" ॥
"अनेक वर्षसाहस्रो वृद्ध स्त्वमसि पार्थिव ।
स रामं युवराजानमभिषिञ्चस्व पार्थिवम्" ॥
"इच्छामेहि महाबाहुं रघुवीरं महाबलम् ।
गजेन महतायान्तं रामं छत्रावृताननम्" ॥

"अद्य प्रकृतयः सर्वास्त्वामिच्छन्ति नराधिपम् ।
अतस्त्वां युवराजानमभिषेक्ष्यामि पुत्रक" ॥
"तस्मात्त्वं पुष्ययोगेन यौवराज्यमवाप्नुहि ।
कामतस्त्वं प्रकृत्यैव निर्णीतो गुणवानिति" ॥

इतिसभासम्मत्यनुकूलमेव रामो राज्येऽभिषेक्तुमारब्धः, अतः प्रतीयते आसीद्रामायणसमकालम्प्रजातन्त्रराज्यं भारते, भाव्यमेव सभ्यसमाजे प्रजातन्त्र राज्येनेति ॥

उक्तं शुक्राचार्येण शुक्रनीतौः—

"प्रभुः स्वातन्त्र्य मापन्नो ह्यनर्थायैवकल्पते ।
भिन्नराष्ट्रो भवेत्सद्यो भिन्नप्रकृतिरेवच" ॥
"नहि तत्सकलं ज्ञातुं नरेणैकेन शक्यते ।
अतः सहायान्वरयेत् राजा राज्यविवृद्धये" ॥
"समासतः पुरोधादि लक्षणं यत्तदुच्यते ।
पुरोधाश्च प्रतिनिधिः प्रधानः सचिवस्तथा" ॥
"मन्त्रीच प्राड्विवाकश्च पण्डितश्च सुमन्त्रकः ।
अमात्यो दूत इत्येता राज्ञः प्रकृतयोदश" ॥

अतो ब्रवीतु नाम कश्चिद्दुर्भावकलुषितान्तःकरणो जड़ो मूर्खो वा यदार्य्या कथमिव राज्यमनुष्ठेयामीति नाज्ञासिषुः परं सन्तो न न विदन्त्यत्र तत्त्वम् ॥

(६) धर्मनिष्ठा (७) परोपकारवृत्तिः

वनं प्रतिगते रामे दशरथे च दिवं गते मातामहाऽवास प्रतिनिवृत्तस्य शून्यं सदनं विलोक्य प्रष्टुं प्रवृत्तस्य भरतस्यादिमो ऽयंप्रश्नः—

"कच्चिन्न ब्राह्मणधनं हृतं रामेण कस्यचित् ।
कच्चिन्नाढयो दरिद्रो वा तेनापापो विहिंसितः ॥
कच्चिन्न परदारान्वा राजपुत्रोऽभिमन्यते ।
कस्मात्स दण्डकारण्ये भ्राता रामो विवासितः" ॥

द्योतयति यदि नाम औरसोऽपि राजपुत्रः शासति महीं दशरथे पापमाचरत्तर्हि नादण्ड्योऽभवत्, अपर मनुष्याणान्तु कथैव का ।

अधिगम्यत एव सर्वै र्यदार्याणां धर्मे मतिरासीत् प्राचुर्य्येणेति न तत्र बहु वक्तव्यमस्त्यस्माभिः । राघवेण यज्ञध्वंसकान् राक्षसान् शिलीमुखैःपतत्रिभि र्नयतायमसदनमुपकृतमृषीणामित्यार्य्याणां परोपकार वृत्तित्वमपि लोकप्रसिद्धमेव ॥

अथेदानीमस्मिन् विषये जायते विचारणा किमस्मत्पूर्वजैरार्य्यै-र्मांसभक्षणमक्रियत नवेति तत्रादौ मनुसमयमालोचयामः—

तत्र दृश्यते मानव वाङ् मये:—

"योऽहिंसकानि भूतानि हिनस्त्यात्म सुखेच्छया ।
सजीवंश्च मृतश्चैव न कचित्सुखमेधते ॥
नाकृत्वा प्राणिनां हिंसां मांसमुत्पद्यते कचित् ।
न च प्राणि वधः स्वर्ग्यस्तस्मान्मांसं विवर्जयेत् ॥
समुत्पत्तिञ्च मांसस्य वधबन्धौच देहिनाम् ।
प्रसमीक्ष्य निवर्तेत सर्वमांसस्य भक्षणात् ॥
न भक्षयति यो मांसं विधिं हित्वा पिशाचवत् ।
सलोके प्रियतां याति व्याधिभिश्चन पीड्यते ॥

अनुमन्ता विशसिता निहन्ता क्रयविक्रयी ।
संस्कर्ता चोपहर्ताच खादकश्चेति घातकाः ॥
वर्षे वर्षेऽश्वमेधेन यो यजेत शतं समाः ।
मांसानि च नखादेद्य स्तयोः पुण्यफलं समम् ॥

एतावता इदमेव प्रतीयते यत्तस्मिन्समये मांसभक्षणमार्यैर्ना-क्रियत, यत्पुनः—

"न मांस भक्षणे दोषो नमद्ये न च मैथुने
प्रवृत्तिरेषा भूतानां निवृत्तिस्तु महाफला"

इति तदखिलम्प्रक्षिप्तमेव भाति न हि परस्परविरुद्ध न्निगदन्ति सन्तः ॥

श्रूयते च शतपथब्राह्मणेः—

"स धेन्वे चानडुहश्च नाश्नीयाद्धेन्वनडुहौ वा इदꣳ सर्वं बिभृतस्ते देवा अब्रुवन् धेन्वनडुहौ वा इदं सर्वं बिभृतो........तद्धैत-त्सर्वाश्यमिव योधेन्वनडुहयोरश्नीयादन्त गतिरिव तं हाद्भुतमभिजनितो-र्जायायै गर्भं निरबधीदिति, पापकमिति पापी कीर्तिस्तस्माद्धेन्वनडुह-यो नाश्नीयात्"

समालोचित स्समासतया मनु समयइदानीं राम सम समय-न्दृष्टिपथन्नयामः ।

अवलोक्यते वाल्मीकिरामायणायोध्याकाण्डविंशतितमे सर्गे

चतुर्दशहि वर्षाणि वत्स्यामि विजनेवने ।
कन्दमूलफलैर्जीवन् हित्वा मुनिवदामिषम् ॥

तथाचारण्य काण्डैकोनविंशतितमे सर्गे—

फलमूलाशनौ दान्तौ तापसौ ब्रह्मचारिणौ ।
पुत्रौ दशरथस्यास्तां भ्रातरौ रामलक्ष्मणौ ॥

तथा हि विंशे सर्गे—

फल मूलाशनौ दान्तौ तापसौ ब्रह्मचारिणौ ।
वसन्तौदण्डकारण्ये किमर्थमुपाहिंसथ ॥

श्रूयते च सुन्दरकाण्डे:—

न मांसं राघवो भुङ्क्ते न चैव मधु सेवते ।
वन्यं सुविहितं नित्यं भक्तमश्नाति पञ्चमम् ॥

एतावता स्पष्टम्प्रतीयिते सताऽपि राजपुत्रेण रामेण मांसभक्षणं नाक्रियत चेन्मृगया तत्परैः क्षत्रियैरपि मांसं नाऽभुज्यत तर्हि कथन्नोच्येत यत्तस्मिन्समये आर्याणां मांसभक्षेण नासीत्प्रवृत्तिः ।

सत्यप्यस्मिन्सीतया प्रयुक्तो रामो यन्मृगयार्थं जगामेतन जागर्ति केषाञ्चिद् हृदये आर्याणां मांसभक्षण प्रतिपादिनीरेका परं सानिर्मूले वेति मन्यामहेसीतया तत्र स्पष्टमुक्तम् ।

सारामममब्रवीद् दृष्ट्वा वैदेही गृह्यतामिति ।
अयं मनोहरः कान्त आश्रमो नो भविष्यति ॥
आर्यपुत्राभिरामो सौ मृगोहरति मे मनः ।
आनैयनं महाबाहो क्रीडार्थं नो भविष्यति ॥
समाश्रवन व्रासानां राज्यस्थानाञ्चनः पुनः ।
अन्तः पुरे विभूपार्थो मृगएष भविष्यति ॥
भरतस्यार्यपुत्रस्य श्वश्रूणां मम च प्रभोः ।
मृग रूपमिदं दिव्यं विस्मयं जनयिष्यति ॥

इति पशून्पालयितुमेव मृगयार्थम्प्रवृत्तिरासीत्तदानीं क्षत्रियाणामिति । स्पष्टं द्योतयन्त्येतानि वाक्यानि सत्स्वप्येतेषु प्रमाणेषु संस्कृतसाहित्ये मांसभक्षण प्रतिपादकान्यपि वाक्यान्युपलभ्यन्त इत्यस्मिन्विषये दोलायतीव नो चेतो न निश्चयेन किमपि वक्तुमुत्सहामहे । तत्र तत्रभ वन्तो भवन्तः स्वयं निश्चिन्वन्तु तत्वम् ।

सदस्याः !

अस्मिन् लघुनिबन्धे समासतया आर्याणां सभ्यता प्रादर्शि पूर्वोक्त गुणाना मभावे नैवेयं जातिरिदानीं पर पादाक्रान्तेव लक्ष्यते चेदिदानीमपि वैदिकींवर्णव्यवस्थां पुनरुद्धर्त्तुं समीहेत गुरुकुलं पुष्णन्ती आर्य्यजनता तर्हि सुखप्रदानि तानि प्राचीनतमानि दृश्यानि पुनरपि द्रष्टुं शक्यरन् इत्योम् ॥

शुभम्भूयात् ।

क्या बुद्धदेव नास्तिक थे?

श्री० म० जगन्मोहन वर्म्मा जी लिखित ।

युक्त्या युक्तं वाक्यं बालेनापि प्रभाषितं ग्राह्यम् ।
त्याज्यं युक्तिविहीनं श्रौतं स्यात्स्मार्तकं वा स्यात् ॥

बुद्धदेव महापुरुष थे ।

महात्मा बुद्धदेव के विषय में मुझे आप लोगों को विशेष परिचय देने की आवश्यकता नहीं भारतवर्ष के प्रायः समस्त शिक्षित समुदाय इन के पवित्र नाम से परिचित हैं । संसार के बड़े महापुरुषों में यह एक अग्रगण्य महापुरुष थे । महापुरुषों का जन्म संसार में सदा नहीं हुआ करता और न उन के जन्म का वह लक्ष्य होता है, जो इतर जनों के जन्म का है । वे लोग उदारचरित होते हैं और उन के जीवन की प्रत्येक घटना संसार के प्रवाह में एक विचित्र गति की संचालक होती है । उन की शिक्षा उन के आचरण अन्यों के लिये आदर्श होते हैं । वह जन साधारण के समान अन्धपरम्परा के गड्ढे में नहीं गिरते, किन्तु स्वयं बच कर अन्यों के लिये मार्ग तैय्यार करते हैं । भगवान् ने गीता में कहा है:—

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानाय धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् ।
धर्मसंस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥

जब जब धर्म की ग्लानि होती, है तब तब धर्म के अभ्युत्थान के लिये महापुरुष जन्म धारण करते हैं और वह सज्जनों की रक्षा तथा दुष्टों का नाश करके सनातनधर्म का स्थापन करते हैं। वे लोकापवाद और निन्दास्तुति की परवाह नहीं करते, किन्तु जिस प्रकार होसके, धर्म को उठाने का यत्न करते हैं। वे लोग अपने जीवन की प्रत्येक घटना से उपदेश ग्रहण करते हैं। संसार का प्रत्येक तृण उन के लिये शिक्षक बनता है, और साधारण से साधारण वस्तु उन्हें अत्यन्त महत्व पूर्ण जचती है। उन के काम साधारण पुरुषों से नहीं होते, किन्तु अप्राकृतिक होते हैं, इसी से उन को अवतार आप्त और उन के वाक्यों को लोग अपौरुषेय कहते हैं।

बुद्धदेव के समय की दशा

महात्मा बुद्ध के समय में भारत की दशा कैसी थी, स्वार्थ ने उस धर्म का कहां तक सत्यानाश कर दिया था, जिस के अभ्युत्थान के लिए बुद्धदेव को देवरूप धारी असुरों से संग्राम करना पड़ा, आप लोगों पर प्रकट करने की इस लिये अत्यन्तावश्कता जान पड़ती है कि विना इस का परिज्ञान हुए महात्मा बुद्धदेव की अवस्था और उन के कर्मों के जिन से वह संसार के महापुरुष कहलाए, यथार्थ गौरव का अनुभव बड़ी कठिनता से हो सकता है। यद्यपि यह विषय इतना बड़ा है कि यदि प्रत्येक अंश का विवरण किया जाय, तो एक पृथक् ग्रन्थ रचा जा सकता है, तथापि समय के संकोच से अत्यन्त संक्षेप से वर्णन किया जाता है:—

(क) वेदों में सैंकड़ों मनमाने मन्त्र स्वार्थियों ने मिला दिये थे, जो अब तक संहिताओं में उपलब्ध होते हैं, इन कृत्रिम मन्त्रों में हिंसा का प्रतिपादन किया गया है, जिन के आधार पर ब्राह्मण ग्रन्थों मे यज्ञों के प्रकरणों में पशुबध की विद्या अब तक जाज्वल्यमान दिखाई पड़ती है । कोई संहिता नहीं जिस में दो चार मन्त्र हिंसापरक न हों । यज्ञों की कौन कहे आतिथ्य तक में गो आदि पशुओं के मांस का प्रयोग दिखाई पड़ता है । दक्षिणा का लोभ यहां तक बढ़ा हुआ था कि धनाढ्य यजमान जिस से पुष्कल धन मिले, वही सब कुछ माना जाता था । ऋग्वेद मण्डल १० । ९ । १०७ मन्त्र २ । ६ । ७ ।

उच्चादिविदाक्षिणावन्तो अस्थुर्ये अश्वदासहते सूर्य्येण ।
हिरण्यदा अमृतत्वं भजन्ते वासोदा सोम प्रतिरन्त आयुः ॥
तमेव ऋषिं तमु ब्रह्माणमाहु र्यज्ञन्यं सामगामुक्थ शासम् ।
सशुक्रस्य तन्वो वेदातिस्रो यः प्रथमोदक्षिणया रराध ॥
दक्षिणाश्वं दक्षिणागां ददाति दक्षिणा चन्द्रमुत यद्धिररायम् ।
दाक्षिणान्नं वनुते यो न आत्मादक्षिणां वर्म कृणुते विजानन् ॥

इस में तो दक्षिणा से मोक्ष तक मिलना बताया है । यही नहीं, किन्तु दाक्षिणा देने वाले को ऋषि ब्रह्मा सामगादि सब कुछ बना दिया है, किसी कवि ने ठीक कहा है:—

यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः ।
स पंडितः सश्रुतिमान् गुणज्ञः ॥

स एव वक्ता सच दर्शनीयः ।
सर्वे गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ति ॥

यही नहीं, किन्तु बहुतेरे राजाओं के दान देने की गाथा भी मन्त्रों में मिला दी है । हम कुछ थोड़ी सी गाथाओं का पता आप लोगों को बतलाते हैं, और आग्रह करते हैं कि आप लोग इन पर विचार करें:—

		मण्डल	सूक्त	मन्त्र
१	आसङ्गस्य दानस्तुतिः	८	१	३०–३३
२	विभिन्दो दानस्तुतिः	,,	२	४१–४२
३	पाकस्थाम्नः कौरयाणस्य दानस्तुतिः	,,	३	२१–२४
४	कुरङ्गस्य दानस्तुतिः	,,	४	१९–२१
५	चैद्यस्य कशोर्दानस्तुतिः	,,	५	३७–३९
६	तिरिन्दिरस्य पाराशव्यस्य दानस्तुतिः	,,	६	४६–४८
७	त्रसदस्योर्दानस्तुतिः	,,	१९	३६–३७
८	चित्रस्यदानस्तुतिः	,,	२१	१७ । १८
९	वरोः सौ षाम्णस्यदानस्तुतिः	,,	२४	२८-३०
१०	पृथुश्रवसःकानीतस्यदानस्तुतिः	,,	४६	२१-२४
११	प्रस्करावस्यदानस्तुतिः	,,		५५।५६
१२	श्रुतवर्णअक्ष्यस्यदानस्तुतिः	,,	७४	१३-१५
१३	सावर्णोर्दानस्तुतिः	१०	६२	८-११
१४	कुठश्रवणस्यत्रासदस्यवस्यदा०	,,	३३	४ । ५

इस प्रकार प्रक्षिप्त मन्त्रों से संहिता परिपूर्ण थी और ब्राह्मण ग्रन्थों की तो कथा ही क्या है ।

(ख) यज्ञों में पशुहिंसा का घोर प्रचार था, प्रत्येक यज्ञ मण्डप सूनागार का दृश्य बन रहा था । बड़े २ श्रोत्रियों के लिये "महोक्षं वा महाजं वा श्रोत्रियायोपकल्पयेत्" के अनुसार मांस उपस्थित किया जाता था । ब्राह्मण लोग दया धर्म्म को तिलांजलि दे, मांस से देव पितृ कार्य्य कराते थे और गृहस्थ लोग :—

"य उ विद्वान्मांसमुपासिच्योपहरति । यावद्वादशाहेनावरुन्धे-तावदेनेनावरुन्धे" ।

के अनुसार अपनी इति कर्तव्यता मानते थे ।

(ग) जातिवाद की प्रबलता थी और गुण कर्मानुसार वर्ण व्यवस्था की प्रथा चली गई थी । गुणकर्म्म हीन ब्राह्मण ब्रुव लोग अपने को श्रेष्ठ मानते तथा इतरवर्णों को अपना दास समझते थे । कुछ लोग जो कुछ पढ़ते थे, वह लोग सारा जन्म यज्ञों के करने और कराने में व्यतीत करते थे, जिन में शायद ही कोई यज्ञ ऐसा था कि जिस में हिंसा न होती रही हो ।

(घ) कुछ लोग ऐसे उत्पन्न हो चुके थे, जिन लोगों ने शरीर को कष्ट देकर "देहदुःखं महत्फम्" के वाक्य को चरितार्थ किया था, बड़े २ अनशन व्रतों की सृष्टि हो चुकी थी और "प्रायश्चित्त" शब्द जो पूर्व वैदिककाल में दोष प्रकाशन' पश्चात्ताप के अर्थ में प्रचरित था चांद्रायणादि रूप कष्ट कारक व्रतों का अर्थ देने लग गया था । कितने लोग उपनिषदों के अर्थों को यथेच्छ घसीट कर इत्थं ब्रह्म इत्थं ब्रह्म कर रहे थे ।

(ङ) ब्राह्मणों का अधिकार इतना प्रबल था कि कोई इन के विरुद्ध मुंह नहीं खोल सक्ता था। मुंह खुला कि वह वृषल की उपाधि से विभूषित हुआ । छूतछात का झमेला चल पड़ा था और एक जाति का पुरुष दूसरी जाति के मनुष्य के हाथ का छुआ और पकाया अन्न नहीं खाता था।

बुद्धदेव का जीवन

ऐसी खींचा खीच के समय में जब धर्म्म और अधर्म्म में घोर संग्राम हो रहा था, धर्म्म लगभग पराजित हो चुका था कि महात्मा बुद्धदेव का अवतार भारतवर्ष के कपिलवस्तु नाम उत्तरकोशल में हुआ । यह जन्म से ही बड़े विचारवान् पुरुष थे, और इन को वेद वेदांगों की उत्तम शिक्षा एक योग्य आचार्य्य ने दी थी। विद्या समाप्त कर गृहाश्रम में प्रवेश किया, राज्य ऐश्वर्य्य सब कुछ होते हुए भी आपने एकान्त में चिन्तन करना आरम्भ किया। थोड़े ही दिनों में पूर्ण विराग को प्राप्त हो, एक दिन रात को घर से निकल जंगल की राह ली, और स्वयं अपनी शिखा को काट गया में एक वट वृक्ष के नीचे आसन मार योगाभ्यास करने को बैठ गये, और यह दृढ़ संकल्प किया:—

> **इहासने शुष्यतिवाशरीरम्**
> **त्वगस्थिमांसं विलयं प्रयाति।**
> **अप्राप्यप्रज्ञां बहुजन्मदुर्लभां**
> **नैवासनाद् देहमिदं चलिष्यति॥**

बहुत काल तक तपश्चर्य्या के उपरान्त जब उन को सम्यक्

ज्ञान वा निर्वीज समाधि प्राप्त हुई, और पूर्ण आत्मिक बललाभ हुआ तब

पपूरयधम्मसंखं पताडयधम्मदुन्दुभि ।
पसारयधम्मधजां धम्मं कुरु धम्मं कुरु धम्मं कुरु ॥

का नाद करते हुए, सर्व साधारण को उपदेश करने तथा धर्म्म का अभ्युत्थान करने में अपनी सारी आयु व्यतीत की । इस महापुरुष को कितने घोर संग्राम धर्म्म की रक्षा करने में करने पड़े होंगे, आप लोग उस अवस्था से जान सक्ते हैं जिस का चित्र पट अभी आप लोगों के सामने खींचा जा चुका है । महापुरुष ने जब देखा कि लोग संस्कृत में कहे हुए वेद मन्त्रों का अनर्थ कर रहे हैं, और मनमानी खींचातानी अर्थों में कर रहे हैं, तो उस ने उस समय की लोकभाषा में सर्व साधारण को शिक्षा देना आरम्भ किया, जो आज तक उन के शिष्यों द्वारा संगृहीत त्रिपिटकग्रन्थ में पाईआती है ।

ब्राह्मणों ने क्यों नास्तिक कहा

जातिवाद का प्रबल खण्डन करनेसे ब्राह्मण लोग इन से रुष्ट हो गये थे, और यही कारण है कि इन्होंने इन को नास्तिक वेद निन्दकादि उपाधियों से विभूषित किया । भारतवर्ष का कोई ही ग्रन्थ होगा, जिस में इन को कुछ २ कुवाच्य न कहा गया हो । जिन के कारण औरों की तो कथा ही क्या है, स्वयं स्वामी दयानन्द सरस्वती जी को भी इन को वेद निन्दक कहना पड़ा–सत्यार्थ-प्रकाश पृ ० ३०१ "एक महाभयंकर वेद आदि शास्त्रों का निन्दक बौद्ध वा जैनमत

हुआ सुनते हैं कि एक इसी देश में गोरखपुर का राजा था, उस से पोपों ने यज्ञ कराया उस की प्रियराणी का समागम घोड़े के साथ कराने से उस के मर जाने पर पश्चात् वह वैराग्यवान् होकर अपने पुत्र को राज्य दे, साधु हो पोपों की पोल निकालने लगा इत्यादि ।"

नास्तिक किसे कहते हैं

अब इस की छान बीन करने की आवश्यकता है कि यह प्रवाद जो भारतवर्ष में प्रचलित है कि बुद्धदेव नास्तिक वा वेद निंदक थे, कहां तक सत्य है। सब से पहिले यह जानने की अत्यन्तावश्यकता है कि नास्तिक किस की संज्ञा है । पाणिनि व्याकरण के "अस्ति नास्ति दिष्टं मतिः । ४।४।६० से नास्तिक शब्द की सिद्धि होती है । शब्द कल्पद्रुम में नास्तिक शब्द का अर्थ "नास्ति परलोक ईश्वरोवेति मतिर्यस्य । नास्ति परलोको यज्ञादि फलं ईश्वरोवेत्यादि वाक्येन कायति शब्दायते इति" किया गया है, और मनु भगवान् ने "नास्तिको वेदनिन्दकः" कहा है । इन सब का फलितार्थ यह है कि नास्तिक शब्द निम्नलिखित व्यक्तियों पर चरितार्थ हो सकता है:—

(क) जो परलोक न मानता हो।

(ख) जो ईश्वर को न मानता हो ।

(ग) जो यज्ञादि कर्म के फल को न मानता हो ।

(घ) जो वेद का निन्दक हो ।

अब प्रत्येक विषय पर हम **त्रिपिटक** ग्रन्थ के प्रमाणों द्वारा आप को दिखलाते हैं कि महात्मा बुद्धदेव नास्तिक नहीं

थे, वरन एक वैदिक मतानुयायी उच्च कोटि के ऋषि कल्प आस्तिक महापुरुष थे, जिन पर केवल जाति वादादि पाखण्डों के खण्डन करने के कारण यह लांछन ब्राह्मणों ने लगा दिया। जिस का अपाकरण प्रत्येक आर्य्य वेद मतानुयायी का परम कर्तव्य है। क्योंकि "सत्य के ग्रहण करने और असत्य के त्यागने में सदा उद्यत रहना चाहिये" इस ऋषि वाक्य के तब ही हम सच्चे मानने वाले और अनुगामी हो सकते हैं।

बुद्धदेव परलोक को मानते थे इस विषय में यद्यपि शायद ही किसी को विवाद हो कि बुद्धदेव परलोक को नहीं मानते थे, क्योंकि आज कल यह सभी विद्वान् स्वीकार कर चुके हैं कि बुद्धदेव कर्म फल और परलोक दोनों को मानते थे और सभी बौद्ध भी ऐसा मानते हैं। पर तब भी इस विषय को बुद्ध वाक्यों से ही दर्शाना अपना परम कर्तव्य इस लिये समझता हूं कि इस का न मानना भी नास्तिक का एक चिन्ह है। **सेलसुत्त** में भगवान् ने कहा है:—

न हि सो उपक्कमो अत्थि येन जातानमीय्यरे ।
जरम्पि पत्वा मरणं एवं धम्मा हि पाणिनो ।।
फलानामिव पक्कानं पातोप पतनोभयं ।
एवं जातान मच्चानं निच्च मरणतोभयं ।।
यथा हि कुम्भकारस्य कतामत्तिक भाजना ।
सब्बे भेदन परियन्ता एवं मच्चान जीवितं ।।
दहरोच महन्ताच येबाला येच पण्डिता ।

सब्बे मच्चुवसं यन्ति सब्बे मच्चु परायना ॥
ते संमच्चु परेतानं गच्छतं परलोकतो ।
न पितातायते पुत्तं ञाती वा पनजातके ॥
पेक्खतं ये वजातीनं पस्सलालपनं पुथु ।
एकमेको च मच्चानं गोवज्झो वियनीय्यति ॥
एव मब्भाहते लोको मच्चुना च जराय च ।
तस्माधीरा न सोचन्ति विदित्वा लोकपरियायम् ॥

कोकालियसुत्त में कहा है:—

न हिनस्सति कस्स चिकम्मं एति हतं लभतेव सुवामी ।
दुक्खं मन्दो परलोके अत्तनि पस्सति किब्बिसकारी ॥

इस का कोई उपाय नहीं है कि उत्पन्न प्राणी की मृत्यु न हो, संसार में प्राणियों का यह धर्म है कि वृद्ध होते और मरते हैं। जैसे पके हुए फल को सदा गिरने का भय है, इसी प्रकार उत्पन्न हुए प्राणियों को नित्य ही मरण भय लगा रहता है। जैसे कुम्हार के बनाये हुए मिट्टी के बर्तनों की स्थिति तब तक है, जब तक कि ठोकर लग कर उन का प्रध्वंस न हो। इसी प्रकार मरणशील मनुष्यों का जीवन उन के मरण तक है। छोटे हों वा बड़े, मूर्ख हों वा पण्डित, सब मृत्यु के वश होंगे, और सब का शरीर नाशमान् है। उन मृत प्राणियों को परलोक में जाने से न बाप बेटे को बचा सकता है, न जाति वाला अपने जाति वाले को। समस्त जाति के देखते हुए और उन के बार २ रोने पर भी एक २ कर के मृत्यु वैसे ही ले जाती है, जैसे गोघातक

गौओं को । इस प्रकार संसार मृत्यु और जरा से नित्य नाश किया जाता है, इसी लिये धीर जन इसे लोक का धर्म समझ कर शोच नहीं करते ।

किसी का किया कर्म नाश नहीं होता, उस का करने वाला (स्वामी) उस को अवश्य पाता है और मन्द पापीजन परलोक में अपने किये कर्मों का फल दुःखरूप में पाते हैं ।

बुद्धदेव ईश्वर को मानते थे

महात्मा बुद्धदेव के वचनों में ब्रह्म के अर्थ में ईश्वर शब्द नहीं आया है। ब्रह्म जगत् को सांख्यशास्त्र के समान प्रकृति से उत्पन्न अकर्तृक मानते थे । वह ब्रह्म की सत्ता को मानते थे और उस को अनिर्वचनीय कहते थे । **सभियसुत्त** में कहा है:—

सुत्वा सब्ब धम्मं अभिञ्ञाय लोके,
सावज्ञा नवज्जायदात्थि किञ्चि ।
अभिभू अकथं कथिं विमुत्तो ।
अनिघं सब्बधिमाहु सोत्थियेति ॥

समस्त पदार्थों के गुणों को श्रुति से जान कर और लोक में उन को साक्षात् कर कर्तव्याकर्तव्य ग्राह्यत्याज्य निर्वचनीय और अनिर्वचनीय जितने पदार्थ हैं सब को जान अकथं कथि (अनिर्वचनीय को पदार्थों अर्थात् जीव ब्रह्म और प्रकृति) को अनुभव कर जा विमुक्त पाप शून्य सब का तत्त्ववेत्ता पुरुष है वह श्रोत्रिय पद वाच्यहै वह संसार को प्रवाह से अनादि और पुरुष वा ब्रह्म को अकर्त्ता मानते थे कहा है:—

न हेत्थदेवा ब्रह्मा वा संसारस्सात्थिकरको ।
सुद्धधम्मा पवत्तन्ति हेतुसम्भारपच्चया ॥

कोई देवता वा ब्रह्मा संसार का कर्ता नहीं है हेतु भाव से धर्म्म ही से प्रवर्तित होता है । हमारे यहां भी सांख्य शास्त्र में कहा है "असङ्गोयं पुरुषः" ऋग्वेद मण्डल १ । १६४ । ४ में

कोददर्श प्रथमं जाय मान
मस्थन्वन्तं यदनस्था बिभर्ति ।
भूम्या आसुरसृगात्मक्वसि
त्को विद्वां समुपगात् प्रष्टु मेतत् ॥

सृष्टि कथा को स्पष्टरूप से कल्पना प्रसूत दर्शाया है ।

ब्रह्म के अनिर्वचनीय होने के विषय में उपनिषद् तथा संहिताओं में वहुतेरे मन्त्र हैं जिन में ब्रह्मको अनिर्वचनीय कहा है । इन मन्त्रो का मुझे आप के समक्ष उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है केवल दो मन्त्र पर्य्याप्त हैं ।

अनेजदेकं मनसो जवीयो
नैनद्देवा आप्नुवन् पूर्वमर्षत् ।
तद्धावतोऽन्यानत्येतितिष्ठ-
त्तस्मिन्नापो मातरिश्वा दधाति ॥
तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके ।
तदन्तरस्य सर्वस्य तदुसर्वस्य वाह्यतः ।

इस में विरुद्ध गुणोंके निदर्शन द्वारा ब्रह्म की अनिर्वचनीयता प्रतिपादित की गई है ।

एकस्थल में बुद्धदेव कहते हैं:—

अभिञ्ञेय्यं अभिञ्जातं भावेतब्बं च भावितं ।
पहातब्ब पहीनं मे तस्माबुद्धोस्मि ब्राह्मण ॥
ब्रह्मभूतो अतितुलो मारसेनप्पमद्दनो ।
सब्बामित्तवसीकत्वा मोदामि अकुतोभयम् ॥ सेत्रसुत्त ।

मैं ने जो जानने योग्य था, उसे जान लिया जो भावना करने योग्य था उसकी भावना करली, और जो त्यागने योग्य था, उसे त्याग दिया, इसलिये हे ब्राह्मण मैं बुद्ध जागा हुआ हूं—गीता में भी कहा है—

या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी ।
यस्यां जाग्रति भूतानि सानिशा पश्यतो मुनेः ॥

भगवान् बुद्ध कहते हैं मैं ब्रह्मभूत हूं और ब्रह्म के अति तुल्य होगया हूं मैंने मार (जन्म मरण के प्रवाह में लाने वाले) की समस्त सेना को नाश करडाला है, मैंने समस्त जगत् को मित्र भाव से वशीभूत कर लिया है अतः मैं ब्रह्मानन्द में मग्न हूं। मुझ को कहीं भय नहीं है। वेदों में भी कहा है:—

यस्तुसर्वाणिभूतान्यात्मन्येवानुपश्यति ।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विचिकित्सति ॥
यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभू द्विजानतः ।
तत्र कोमोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ॥

जीवात्मा के विषय में मुझे उन के विचारों पर विशेष कहने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि जिसे परलोक स्वीकार है, वह आत्मा

को अवश्य स्वीकार करेगा। चाहे वह इसके लिये जो शब्द चाहे प्रयोग करे। विना जीवात्मा की सत्ता स्वीकार किये जन्मान्तर का स्वीकार होही नहीं सकता। रहा जीवात्मा का स्वरूप सो कैसा है, इसका कहना नहीं होसक्ता और इसी लिये महात्मा बुद्ध देव इसे अनिर्वचनयि मानते थे। वह कहते हैं:—

यस्स मग्गं न जानासि आगतस्स गतस्स च।
उभे अन्ते विसम्पस्सं निरत्थं परिदेवसि॥ सल्लासुत्तं।

जिसके मार्ग को तुम नहीं जाने कि कहां से आया है और कहां जायगा दोनों ओर जिस का ज्ञात नहीं, उस के जानने के लिए क्यों शिर पच्ची करता है। उपनिषद् में भी कहागया है:—

आश्चर्य्यवत्पश्यति कश्चिदेनं,
आश्चर्य्यवद्वदति तथैवचान्यः।
आश्चर्य्योस्य वक्ताकुशलोस्यलब्धा,
आश्चर्य्योस्य ज्ञाताकुशलानुशिष्टा॥

बुद्धदेवयज्ञादि कर्म फलों को मानते थे

यद्यपि "बुद्ध देव के परलोक मानने ही क अन्तर्गत यह विषय आगया है, तथापि जब बुद्ध देव पर यज्ञों और वेदों के खंडन का दोष आरोपित किया जाता है, तब हमें उन के ही वाक्यों से यज्ञों और यज्ञादि कर्मों के फलों को मानना आप लोगों को दिखाना चाहिये। सेल सुत्त में भगवान् बुद्धदेव का वचन है "अग्गिहुत्त मुखायञ्ञा सवित्ती छन्दसानं मुखं" अर्थात् अग्निहोत्र यज्ञों में प्रधान है और सावित्री वेद मन्त्रा में प्रधान है हमारे

यहां भी एक श्रुति है "एतद्वैयज्ञस्य मुखं यदग्निहोत्रं" इस वाक्य से बुद्ध वाक्य का शब्द प्रति शब्द मेल है अपिच बुद्धवाक्य को इस श्रुति का यदि अनुवाद कहा जाय तो अनुचित नहीं। माघसुत्त में कहा गया है:—

यो यजेति तिविधं यञ्ञ सम्पदं,
आराधये दक्खिणे य्येहि ताहि।
एवं यञ्जित्वा सम्मायाच योगो,
उप्पञ्जते ब्रह्मलोकेति ब्रूमि ॥

जो पुरुष आध्यात्मिक आधिदैविक और आधिभौतिक त्रिविध यज्ञ सम्पद् की आराधना करता है और दक्षिणाग्नि में अग्निहोत्र करके शिष्ट अन्न का भोजन करता है ऐसा पुरुष सब प्रकार से याचना करने के योग्य है अर्थात् दानपात्र है और वह अपने कर्मों के फल से शरीर त्याग करने पर ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। श्रुति में भी कहा है:—

एवं कर्माणि कुर्वन्हि जिजीविषेच्छतं समां।
एवं त्वयिनान्यथेतोस्ति न कर्म लिप्यते नरे ॥

महात्मा बुद्धदेव यज्ञों में हिंसा का होना ऋषि मर्यादा के विरुद्ध मानते थे और वह हिंसा प्रतिपादक वाक्यों को कृत्रिम और लोभग्रस्त पुरुषों के रचे और प्रक्षिप्त मानते थे। ब्राह्मण धम्मिकसुत्त में कहा है:—

तण्डुलं सयनं वत्थं सप्पी तेलञ्ञ याचिय।
धम्मेन समुदानेत्वा ततो यञ्ञ मकप्पयुं ॥

उप्पट्टितस्मिं यञ्ञस्मिं नासुगावोहनिं सुते ।
यथा माता पिता भ्राता अञ्ञेचापि च पातका ॥
गावोनो परमोमित्ता यासुजायन्ति ओसधा ।
अन्नदा बलदा चेता वणदा सुखदा तथा ॥
एतमत्थ वसंकत्वा नस्सुगावो हनिंसुते ।
सुखमाला महाकाया वणवन्तो यसस्सिनो ॥
ब्राह्मणसेहि धम्मेहि किञ्चाकिञ्ञे सुडस्सुका ।
यावलोके अवतिं सुसुखमेधित्थयम्पजा ॥

चांवल, बिछावन, वस्त्र, घी, तेल गृहस्थों से याचना कर प्राचीन ऋषिगण अन्तेवासियों को देते हुवे उसी घी चांवल आदि से यज्ञ करते थे और उस यज्ञ में गो आदि पशु हिंसा नहीं करते थे। जैसे माता, पिता, भाई और अन्य जाति वाले लोग हैं गायें भी हमारी वैसे ही हितु हैं जिन से ओषधरूपी दूध उत्पन्न होता है। गायें अन्नदा, बलदा, वर्णदा और सुखदा हैं। इस अर्थ को विचार में रखते हुवे वह गायों की हिंसा नहीं करते थे। उस समय महर्षिगण सुकुमार, महाकाय, वर्णवान्, यशस्वी और अपने कर्तव्याकर्तव्य में उत्सुक थे और जब तक वे लोग ऐसे थे यहां प्रजा में सुख का राज्य था। फिर उन्हीं महर्षियों के कुलोत्पन्न ब्राह्मणों को जब लोभ ने ग्रसा तो वे लोग इक्ष्वाकु राजा के पास बहुत से हिंसापरक मन्त्र रच कर वार वार गये और कितने ही अश्वमेध, पुरुषमेध, वाजमेधादि यज्ञों को कराया। महात्मा बुद्धदेव ने कहा है:—

तेत्तत्थ मन्त्रे गन्थित्वा उक्काकं तदुपागमुं।
पभूत धन धन्नोसि यजस्सु बहुतेधनं॥
ततो च राजा सञ्ञत्तो ब्राह्मणेहि रथेसिभो।
अस्समेधं पुरिसमेधं वाजपेयं निरग्गलं॥
एते यागे यजित्वा न ब्राह्मणानं अदाधनं।
एसो अधम्मो दण्डानं ओक्कन्तो पुराणो अभू॥
अदूसिकायो हञ्ञन्ति धम्माधंसेन्ति याजका।

वे बहुत से कृत्रिम मन्त्र बना कर इक्ष्वाकु राजा के पास जाकर बोले "हे राजन्! आप प्रभूत धन धान्य हैं आप यज्ञ कीजिये आप के पास बहुत धन है। तब राजा ने ब्राह्मणों से ऐसा कहे जाने पर अश्वमेध, पुरुषमेध, वाजपेयादि अनर्गल वेद विरुद्ध यज्ञों को करके ब्राह्मणों को बहुत सा धन दिया। इस प्रकार यह अधर्म्मरूप पुराण वा ब्राह्मणधर्म्म इक्ष्वाकु के समय से प्रचलित हुआ, जिस में अदूषक पशु आदि प्राणियों की हिंसा कराकर याजक लोग धर्म का ध्वंस वा नाश करते हैं। इस प्रकार महात्मा बुद्धदेव ने यज्ञों में हिंसा के प्रचार के इतिहास को लिखा है। वह यज्ञों को कर्त्तव्य और श्रेष्ठ मानते थे पर हिंसा का यज्ञों में प्रचार और हिंसापरक मन्त्रों को प्रक्षिप्त और ऋषिमर्यादा विरुद्ध समझते थे। उन का कथन है:—

पाणं न हाते न च घातयेय्य,
न चापि जञ्ञा हननं परेसं।
सब्बे सुभूते सुनिधाय दण्डं,
येथावराये च तसन्ति लोके॥

प्राण को न मारो न मारने की आज्ञा दो और न किसी के मारने को जानो। सब भूतों को चाहो वह स्थावर हों वा त्रस, अभयदान दो।

महात्मा बुद्धदेव वेदों को मानते थे

महात्मा बुद्धदेव ने कहा है:—अग्गिहुत्त मुखायञ्ञा सावित्ती छन्दसानं मुखं।

अग्निहोत्र यज्ञों में प्रधान है और सावित्री छन्द अर्थात् वेदमन्त्रों में श्रेष्ठ है। मनुजी ने कहा है:—

सावित्री त्रिपदा चैव विज्ञेयो ब्रह्मणोमुखम्।

हम कह सकते हैं कि एक ही आशय दो भिन्न भाषाओं और मुखों से कहा गया है। बुद्धदेव केवल वेदपाठ मात्र ही से किसी का वेदज्ञ होना स्वीकार नहीं करते थे, किन्तु वह शीलादि गुण कर्म का होना परमावश्यक मानते थे। वह कहते हैं:—

वेदानि विचेय्य केवलानि।
समणत्वजाति ब्राह्मणानं॥
सर्व्ववेदनासु वीतरागो।
सर्व्वंवेदमनिच्चवेदगूसो॥

जो वेदों को पढ़ और केवल अर्थात् उपनिषद् वाक्यों को चयन कर कर्मकाण्ड को समाप्त करे और सब वेदनाओं से वीतराग हो संसार के समस्त व्यवहारों को अनित्य जाने वह वेदज्ञ है।

जातिवाद का खण्डन

हम ऊपर पृथक् २ महात्मा बुद्धदेव के वाक्यों ही से आप लोगों को यह दिखला चुके हैं कि महात्मा बुद्धदेव में कोई लक्षण नास्तिक का संघटित नहीं होता

है । यह सब कलंक ब्राह्मणों ने केवल जातिवाद के खण्डन करने के कारण उन पर लगा रक्खे हैं । अब कुछ थोड़ा सा दर्शन उनके जातिवाद खण्डन का आप लोगों को कराते हैं:—

एक समय इच्छातंगल स्थान में दो ब्राह्मण भारद्वाज और वासिष्ठ गोत्रियों में विवाद हुआ था, भारद्वाज का पक्ष था कि ब्राह्मण जाति से होता है और वासिष्ठ कहता था कि ब्राह्मण गुण कर्म से होते हैं । दोनों भगवान् बुद्धदेव के पास गये और अपना अपना पक्ष कह कर महात्मा बुद्धदेव से व्यवस्था चाही । भगवान् बोले–

तेसं वोहं व्यक्खिस्सं आनुपुव्वं यथातथं ।
जातीविभङ्गं पाणानं अञ्ञमञ्ञा हिजातियो ॥
तिणरुक्खेपि जानाथतचापि पटिजातरे ।
लिङ्गं जातिमयं तेसं अञ्ञमञ्ञाहि जातियो ॥
ततो कीटे पतङ्गेच याचकुन्तकिपिल्लिके । लि०
चतुप्पदेपि जानाथखुद्दकेच महल्लके ॥ लि०
पदूदरेपि जानाथ उरगेधीघापि ट्ठिके । लि०
ततोमच्छेपि जानाथ उदके वारिगोचरे ॥ लि०
ततो पक्खी विजानाथ पत्तयाने विहङ्गमे । लि०
यथा एतासुजातीसु लिङ्गजातिमयंपुथु ।
एवं नात्थिमनुस्सेसु लिङ्गं जाति मयपुथु
नकेसेहि नसीसेहि नकणेहि नअक्खिहि
नमुखे न ननासाय न ओट्ठे हि भभूहिवा
न गीवाय न अंसेहि न उदरे न नपिट्ठिया

न सोणियानउरसा न सम्वाधे नमेथुने
न हत्थोहि न पादे हि नाङ्गुली हि नखे हि वा
न जंघाहि न ऊरूही न वणे न सरे न वा
लिङ्गं जाति मयं तेव यथा अञ्ञासु जातिसु

हम सानुपूर्व यथातथ्य कहते हैं कि प्राणियों में जातिभेद यह और है वह और है इस से होता है। तृणवृक्षादिमें अन्य अन्य जातियों के लिङ्ग हैं। कीट पतङ्ग पिपीलिकादि में, चुतुष्पदों में (चाहे छोटे हों वा बड़े) पेट के बल चलने वालों में सांप और लंबे पीठ वाले जानवरों में, मछलियों तथा अन्य जलचर प्राणियों में, पक्षियों में और उड़ने वाले जन्तुओं में जाति के लिङ्ग स्पष्ट हैं। पर जैसे इन ऊर्ध्व कथित जातियों में जाति के लिङ्ग हैं, मनुष्यों में कोई जाति लिङ्ग नहीं है। न तो इन के वाल में भेद है न शिर बनावट में भेद है, न कान में, न आंख में, न मुख में, न नाक में, न ओष्ठ में, न भौंह में, न गले में, न अंश में, न पेट में, न पीठ में, न रक्त में, न उरः में, न सम्वाद में और न मैथुन में, न गांठ में, न पैर में, न अंगुलियों में, न नख में, न जंघा में, न उरू में, न वर्ण में, और न स्वर में कोई जातिमय लिङ्ग है जिस से यह निश्चय कर सकें कि अमुक पुरुष ब्राह्मण और अमुक पुरुष क्षात्रियादि है।

योहि कोचिमनुस्सेसु गोरक्ख उपजीवति।
एव वासेट्ठजानासि कस्स कोसोचब्राह्मणो॥

योहि........पुथुसिप्पेनजी....सिप्पिकोसोन ब्रा-०

योहि........वोहारंउपजी०....वाणिजो........०
योहि........परपेस्सेनजी....पेस्सिको........
योहि........अहिन्नंउपजी.... चोरोएसोन........
योहि........इस्सत्थं....योधाजीवीन........
वेदार्थ का करना कितना कठिन कार्य्य है यह आप को इसी बात से स्पष्टतया प्रतीत हो जायगा कि वेदों के अर्थ करने का जितने विद्वानों ने पिछली शताब्दी में यत्न किया है, उन सब के वेदार्थ एक दूसरे से भिन्न ही भिन्न हुवे हैं । पिछली शताब्दी ही को क्यों लें, उस से पहले समय भी जाने से यही दृश्य दिखाई देता है । ब्राह्मणों में कहीं २ 'इत्येके' कह कर दूसरे के मत का जिस प्राबल्य से खण्डन किया जाता है उस से प्रतीत होता है कि वेदों के अर्थों में उस समय भी बहुत मत भेद रहा करते थे । फिर निरुक्त पर दृष्टि डालिये । आप को प्रतीत होगा कि वहां भी एक निरुक्त और दूसरा ऐतिहासिक पक्ष विद्यमान हैं । वे एक दूसरे के किये हुवे वेदार्थों को स्वीकार नहीं करते । दोनों वेदार्थ करने के नये ही नये ढङ्ग अङ्गीकार करते हैं । ब्राह्मणों और निरुक्तों के सुदूरवर्ती काल को छोड़ कर जब हम

आगे बढ़ते हैं तब भी हमें यही दृश्य दिखाई देता है। सायणाचार्य्य का भाष्य न पूरा २ ब्राह्मणों से मिलता है, और न सर्वत्र यास्क के ही अनुकूल है। उस के अपने निराले ही अर्थ हैं। महीधर उव्वटादियों का तो कहना ही क्या है वेतो वेदार्थ करने का यत्न करने वालों की कोटि में ही नहीं आसक्ते। सायण से और आगे बढ़िये तो आप को पता लगेगा कि नये भाष्यकारों की लीला सब पुराने भाष्य कारों से विचित्र ही है। ऋषिदयानन्द ने योग बल से वेदोंके अर्थ किये। वे ऋषिथे, उन्हें वेदों के अर्थ करने का अधिकार था। उनकी देखा देखी बीसियों पण्डित वेद भाष्यकार बन गये और भारतवर्ष इन नये वेद-भाष्यकारों से इतना खचा खच भरगया कि इस से पूर्व कि इन भाष्यकारों में से कोई सज्जन अपना स्थान खाली करें किसी अन्य के लिये स्थान मिलना कठिन है। और फिर इन नये वेदभाष्यकारों के रास्ते एक दूसरे से इञ्च भरभी समानान्तर नहीं हैं। सब के रास्ते भिन्न २ और अतएव सब के वेदार्थ भी भिन्न २ हैं।

अब अपने देश की कथा छोड़ कर यूरोप में चलिये तो आप को दीखेगा कि वहां भी "मुण्डे २ मतिर्भिन्ना तुण्डे २ सरस्वती" वाली कहावत ही चरितार्थ हो रही है। मोक्षमूलर, रोथ और कीलहार्न

के मार्गों में परस्पर बड़ा भेद है। इन में से प्रथम को तो सापेक्षक मतका आचार्य्य तथा दूसरे को सापेक्षक भाषा का आचार्य्य कहसक्ते हैं। और अतएव दोनों के अभ्युपगत सिद्धान्तों में परस्पर बहुत भेद पाया जाता है।

इस प्रकार वेदार्थ करने के इतिहास पर एक साधारण दृष्टि डालने से प्रतीत होता है कि वेदार्थ करने में सदा से सब आचार्य्यों के अन्दर मतभेद चले आये हैं। हरएक नया आचार्य्य वेदों के नये ही नये अर्थ करता आया है। विषय दीर्घ होने के कारण मुझे आगे बहुत कहना है, अन्यथा दो एक साधारणमन्त्रों के भी निरुक्त सायणादि समस्त वेद विद्यार्थियों के किये हुवे अर्थ देखने से उनके अन्दर वर्तमान मतभेद बहुत अच्छी तरह से दिखाया जा सक्ता था।

इसी वेदार्थ–विषयक मतभेद को देखकर कई लोगों का विश्वास वेदों की वाचकता पर से उड़गया है। बहुत से लोग समझने लगे हैं कि वेदस्वयं कुछ भी नहीं कहता, जो कुछ भाष्यकार की बुद्धि में आवे सोही वेद कहने लगता है। वेद के शब्द "सर्वे सर्वार्थ वाचकाः" या 'कामधेनु' हैं। जिस मन्त्र का चाहें जो अर्थ हो सक्ता है। अथवा यूं कहिये कि वेद के शब्दों के और अतएव मन्त्रों के अनन्त अर्थ हो सक्ते हैं।

इसी भाव के प्रकट करने के लिये कई लोग यौगिक शब्द का प्रयोग कर देते हैं और कह देते हैं कि वेद के शब्द किसी क्रिया विशेष या पदार्थ विशेष को नहीं कहते, वे सामान्य क्रिया या सामान्य पदार्थ के वाचक हैं। इस प्रकार के मिथ्या भ्रम हैं जो वेदभाष्यकारों के इस भेद के कारण हुवे हैं।

अब कुछ ध्यान लगा कर सोचिये कि वेदभाष्यकारों के इस मत भेद का कारण क्या है! वेदों में ऐसी कौनसी विशेषता है जिस से कि उन के जो जैसे चाहे अर्थ कर सक्ता है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। वेदों के भिन्न २ व्याख्यानों के होने का कारण यह है कि वेदों के अर्थ करने का प्रकार अब तक कोई भी निश्चित नहीं है। अतएव इस के बीसों प्रकार बन गये हैं। जिस की जैसी इच्छा होती है वह उसी प्रकार से वेदों के अर्थ करने प्रारम्भ कर देता है। इस बात पर विशेष विचार कोई नहीं करता कि किस प्रकार के अवलम्बन करने से वेदों के ठीक २ अर्थ हो सक्ते हैं।

इस विचार के न करने से अनेक प्रकार वेदार्थ के अब तक अवलम्बित हो चुके हैं। किन्तु यदि ज़रा सी समीक्षा की दृष्टि से उन्हें देखा जावे तो पता लगेगा वे प्रकार अकेले २ लिये जाने पर ठीक २ वेदार्थ करने में सहायक नहीं हो सक्ते। और नहीं वे पृथक्

पृथक् वेदों के वास्तविक स्वरूप के साथ आनुकूल्य रखते हैं । इन विषयों का मैं विशेष विस्तार के साथ निबन्ध के अन्त में वर्णन करूंगा । यहां केवल यही कहना है कि ठीक २ वेदार्थ जानने के लिये सब से पूर्व जानने योग्य बात वेदार्थ करने का ठीक प्रकार है । जब तक प्रकार न जाना जायगा, तब तक वेदार्थ ठीक हो ही नहीं सकते । विना रास्ता जाने यदि हम किसी ओर को मुंह उठा कर चलदें, तो बड़ा परिश्रम करने पर भी यह आवश्यक नहीं कि हम अपने उद्देश्य तक पहुंच सकें । मार्ग जाने विना किसी तरफ़ चलना मूर्खता है, अतएव वेदार्थ करने की प्रथम सीढ़ी वेदार्थ करने के प्रकार की खोज करना है ।

वेदार्थ का प्रकार ।

किस प्रकार से वेदार्थ करने पर हम किसी अच्छे परिणाम पर पहुंच सक्ते हैं, यह जानने से पूर्व यह जानना आवश्यक है कि वेदों के शब्द किस प्रकार के हैं ? शब्दों की प्रकृति, शब्दों के अर्थों का बीज होती है । अतः प्रथम वैदिकशब्दों के स्वरूप पर ध्यान देना चाहिये । भाषाओं का पारायण हमें बताता है कि सब के सब शब्द तीन शीर्षकों के नीचे आ जाते हैं। वे तीन शीर्षक यौगिक, योगरूढि और रूढि हैं ।

यौगिक—वे शब्द कहाते हैं जो किसी क्रिया से सीधे उत्पन्न होते हैं। ऐसे शब्द प्रायः विशेषणीभूत होते हैं। जाना, खाना, पीना इत्यादि सब आर्य्य-भाषा की क्रियायें हैं। जाने वाला, खाने वाला, पीने वाला आदि सब शब्द यौगिक हैं, क्योंकि ये सीधे जाना खाना पीना आदि क्रियाओं से बने हैं तथा इन शब्दों के अन्दर उन क्रियाओं के अर्थ जैसे के तैसे बने रहते हैं। ऐसे शब्दों का प्रयोग किसी एक निश्चित पदार्थ के लिये, या निश्चित दो चार पदार्थों के लिये हो ऐसा कोई नियम नहीं। जहां कहीं वह क्रिया वह विशेषता पाई जावेगी, जो उस शब्द की प्रकृति या मूल है, वहीं उस शब्द का प्रयोग हो जायगा। जैसे "गन्तृ" यह यौगिक शब्द है। जो गमन करे उसे गन्ता कहते हैं। वैदिक शब्दों में से यौगिक शब्दों के अनेक दृष्टान्त दिये जा सकते हैं। कवि शब्द ज्ञात वक्ता का वाचक है। 'कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूः' में वही ईश्वर का वाचक है। 'कवीनो मित्रा वरुणा तुविजाता उरुक्षया' में वही मित्राव-रुणों को कहता है। फिर "कविमग्निमुपस्तुहि सत्यधर्माणमध्वरे" में वह अग्नि का विशेषण है। 'ता सुजिव्हा उपह्वये होतारादैव्या कवी' इस मन्त्र में हम उसी कवि शब्द को 'नक्तोषासा' का विशेषण पाते हैं। इसी प्रकार देव महान् आदि अनेक

वैदिक शब्द हैं जो यौगिक हैं, और यह उपर्युक्त रीति से वैदिक मन्त्रों से ही स्पष्ट सिद्ध हो सक्ता है। निघण्टु में ऐसे शब्दों को प्रायः "पद" नाम से पुकारा है ।

दूसरी प्रकार के शब्द योगरूढि हैं । योगरूढि शब्द वे कहाते हैं जो उत्पन्न तो किसी न किसी क्रिया से ही होते हैं, किन्तु अन्त में उन का प्रयोग क्रियानिमित्तक नहीं रहता, किन्तु व्यवहार निमित्तक हो जाता है । दृष्टान्त के लिये आप "गो" शब्द को ले-लीजिये । गो शब्द गमनार्थक "गम्लृ" धातु से बना है । जो चले या गमन करे उसे "गौ" शब्द से पुकार सकते हैं । किन्तु भाषा में इस का ऐसा प्रयोग नहीं होता। मनुष्य को गमन करने के कारण कभी भी गौ नहीं कहा जाता । ऐसे शब्द यौगिक होते हुए रूढि अर्थात् किसी एक अर्थ के विशेषतया वाचक हो जाते हैं ।

ऐसे शब्द दो प्रकार के होते हैं—एकार्थक और अनेकार्थक । एकार्थक वह शब्द है जो एक ही अर्थ में प्रायः प्रयुक्त होता है, जैसे लौकिक भाषा में वृक्ष शब्द । वैदिक भाषा में 'हिरण्य शब्द' को दृष्टान्त-तया ले सकते हैं । चर्षणी, तविषी, द्यविद्यवि इत्यादि अन्य बीसों दृष्टान्त इसी प्रकार के शब्दों के हैं । अ-

नेकार्थक योगरूढ़ि वे हैं जो अनेक अर्थों में रूढ़ हो जाते हैं। दृष्टान्ततया गौ, इन्द्र, अग्नि, वायु आदि अनेक शब्द हैं। गौ, वाणी, धेनु, चतुष्पाद मात्र, इन्द्रियों और पृथिवी में रूढ़ है। सम्भव है दो एक और भी अर्थ गो शब्द के हों किन्तु इस में सन्देह नहीं कि गो शब्द कुछ निश्चित अर्थों में ही प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार इन्द्र शब्द सम्पत्ति शाली तथा ऐश्वर्य्यवान् पुरुष, आकाश में कार्य्य करने वाली शक्ति आत्मा और परमात्मा में रूढ़ है, यद्यपि उस की उत्पत्ति ऐश्वर्य्यार्थक "इदि" धातु से है। अग्नि शब्द लौकिक वन्हि को, यज्ञ करने वाले व्यक्तियों को, भूमिशक्तियों को तथा ईश्वर को ही कहता है। वायु शब्द भी लौकिक वायु को, आकाशस्थ शक्तियों को, तथा ईश्वरीय बल को बताता है। अन्य मरुत आदि शब्द भी इसी प्रकार के शब्दों के दृष्टान्त हैं।

तृतीय प्रकार के शब्द रूढि कहाते हैं, वे अज्ञान मूलक होते हैं जंगली तथा अज्ञानी जातियों की भाषाओं में ऐसे शब्द प्रायः पाये जाते हैं। कारण इस का यह होता है कि वे लोग अपनी स्वल्प शब्दों वाली भाषा से बहुत से अर्थों को प्रकट नहीं कर सक्ते न ही क्रिया से प्रत्यय लगा कर वे शीघ्र ही उन के वाचक घड़ सक्ते हैं, तब किसी नई वस्तु को देखते ही

वे किसी बेढब शब्द से उसे पुकारने लगते हैं। वेद में ऐसे शब्द नहीं पाये जाते। ऐसा वेद में कोई शब्द नहीं है जिस के लिये कोई धातु रूपान्तर में वेद ही में न पाया जाता हो। वेदों के आलोचन से यह बहुत स्पष्टतया प्रतीत होता है। वेदों की इस विशेषता से यह भी स्पष्ट सिद्ध होता है कि पाश्चात्य विद्वानों की यह कल्पना कि वेद जङ्गलियों के बनाये हुवे हैं कुछ कीमत नहीं रखती। यदि वेद जङ्गलियों के बनाये हुवे होते तो उन में अन्य जङ्गली जातियों की भाषाओं की तरह शब्दों की न्यूनता और अतएव रूढि शब्दों का बाहुल्य पाया जाता।

इस प्रकार से प्रतीत होता है कि वेदों में दो प्रकार के ही शब्द पाये जाते हैं। एक यौगिक दूसरे योगरूढ़ि। यहां पर मैं यह कह देना चाहता हूं कि इस निबन्ध में यौगिक तथा योगरूढि शब्दों से वही अर्थ लेना चाहिये जो मैं पहले कह चुका हूं, यद्यपि मैं जानता हूं कि यह अर्थ साधारणतः प्रसिद्ध परिभाषा से कुछ विपरीत हैं। किन्तु मेरी समझ में इन के ऐसे अर्थ करने से ही वैदिक शब्दों का विभाग ठीक प्रकार से हो सक्ता है।

ये दोनों प्रकार के शब्द फिर दो विभागों में विभक्त हो जाते हैं—एक शब्दक तथा अनेक शब्दक ये

दो विभाग हैं जिन में सारे शब्द विभक्त किये जासकते हैं एकशब्दक यौगिक तथा अनेकशब्दक योगरूढि के दृष्टान्त ऊपर दिये जा चुके हैं। अब अनेकशब्दकयौगिक तथा अनेकशब्दकरूढियों के दृष्टान्त सुनिये। अनेकशब्दकयौगिक शब्द कविक्रतु है। 'अग्निहोता कविक्रतुः सोमाश्चमश्रवस्तमः' में वह अग्नि का विशेषण है किन्तु 'परिप्रिया दिवः कविर्वयांसि नप्त्योर्हितः। सुबानो याति कविक्रतुः' में वही पवमान सोम का विशेषण है। अनेकशब्दकयोगरूढि हिरण्यगर्भ तथा हव्यवाहन हैं। हिरण्यगर्भ में हिरण्य तथागर्भ दो शब्द हैं। दोनों से मिल कर हिरण्यगर्भ शब्द बना है और वह केवल एक ईश्वर अर्थ में प्रयुक्त है अन्य किसी में नहीं। इसी प्रकार हव्यवाहन शब्द भी केवल वन्हि के लिये आया है।

यह देखने के अनन्तर कि शब्द किन२ विभागों में विभक्त किया जाता है, अब अपने वास्तविक विषय की ओर मुड़ना चाहिये। वास्तविक विषय यह है कि वेदार्थ करने का क्या प्रकार होना चाहिये ?

इस प्रश्न पर विचार करते हुवे हमें सब से प्रथम इस बात का ध्यान रखना चाहिये, कि वेदों के सम्पूर्ण तथा आर्षभाष्य इस समय प्राप्य नहीं हैं। प्राचीन वैदिक साहित्य में एक भी ऐसा ग्रन्थ विद्य-

मान नहीं है जो हमें ठीक २ वेदार्थ बता सके। दृष्टान्त के लिये आप ब्राह्मणग्रन्थों को ही लीजिये । ब्राह्मणग्रन्थों को ही वेदों का व्याख्यान कहा जाता है । किन्तु वास्तव में वह वेदों का अर्थ करने में कुछ भी सहायता नहीं देसक्ते । विस्तार से तो इस विषय को मैं वहां लूंगा, जहां कि वेदार्थ के याज्ञिक पक्ष का निरास करना होगा, किन्तु यहां अवश्य कहना चाहता हूं कि ब्राह्मण वेदों का यज्ञों में विनियोग बताते हैं तथा कहीं २ वेदों के आलङ्कारिक अर्थ भी कर देते हैं—किन्तु उन्हें पूर्णतया वेदों का भाष्य नहीं कहा जा सक्ता और न ही वे वेदार्थ करने में कोई बड़ी सहायता दे सक्ते हैं । सूत्र ग्रन्थों तथा उपनिषदों से तो ब्राह्मणों की अपेक्षा भी कम सहायता की आशा है ।

दूसरा विचार जो इस प्रश्न का उत्तर लेते हुवे सामने रखना चाहिये यह है कि वेद स्वतः प्रमाण हैं । उन में क्या कहा होना चाहिये है ? यह अन्य ग्रन्थों के साहाय्य से जानना ठीक नहीं । क्योंकि ऐसा करने से यह पता लगेगा कि अमुक ग्रन्थकर्ता के मत में वेदों के क्या अर्थ हैं ? यह पता नहीं लगेगा कि वेदों के वास्तविक अर्थ क्या हैं ? प्राचीन आर्षग्रन्थों का साहाय्य वेदार्थ करने में कुछ भी नहीं मिलता ऐसा नहीं समझना चाहिये । किन्तु जिस प्रकार

से उन का साहाय्य स्वीकार किया जाता है वैसे नहीं मिलता इतना ही मेरा कहना है।

पहला नियम—इन दो बातों को ध्यान में रखते हुवे जब हम वेदार्थ का प्रकार जानना चाहते हैं तो जो वेदार्थ का १ म नियम हमारे सामने आता है यह है कि जहां तक हो सके वेदों के अर्थों को अन्य ग्रन्थों के साहाय्य के विना वेदों से ही जानने का यत्न करना चाहिये। किन्तु एक इसी नियम से वेदार्थ नहीं हो सक्ता। पहले कुछ ज्ञात हो जो उसी से अज्ञात की खोज लगा सक्ते हैं। यदि वेद में कोई भी अंश ज्ञात न हो तो वेदों से वेदों के अर्थ नहीं जाने जा सक्ते। अतः पहले यह जानना चाहिये कि क्या वेदों का कोई ऐसा भाग भी है जिसे हम विना स्वयं वेद के साहाय्य के जान सकें ?

वेदों में जो क्रियायें हैं, तथा क्रियाजन्य यौगिक शब्द हैं उन्हें हम ज्ञात मान सक्ते हैं। प्रत्येक भाषा में क्रियावाचक शब्द तथा क्रियाजन्य यौगिक शब्द अपरिवर्तनशील होते हैं उन के अर्थ समय के साथ परिवर्तित नहीं होते वे सर्वथा ही नहीं बदलते ऐसा नहीं कहा जा सक्ता, किन्तु वे इतने थोड़े परिवर्तित होते हैं कि उन्हें व्यवहार में अपरिवर्तनशील कह सक्ते हैं। दृष्टान्त के लिये आप किसी भाषा को

ले लीजिये। वेदों के गमत् गच्छाते गम्यति की जगह लोक में चाहे केवल गच्छति का प्रयोग रह जावे वैदिक जल वाचक पुरीष का अर्थ विष्ठा और आकाश वाचक धन्वन् शब्द का अर्थ चाहे मरुस्थल हो जावे किन्तु हन्, स्तु, कृ, गम् आदि धातुओं के मूल अर्थ आज तक नहीं बदले। इस अपरिवर्तन शीलता का एक कारण भी है। भाषापरिवर्तन प्रायः रूढिभेद के कारण, उच्चारण भेद के कारण तथा अन्य भाषा जनित प्रत्ययादि भेद के कारण होते हैं। क्रिया तथा क्रियाजन्य यौगिक शब्दों के रूपपरिवर्तन में ये सब कारण सहायक हों तो हो जावें उन के मूल रूप को तथा अर्थ को वे परिवर्तित नहीं कर सक्ते। क्रियाओं और यौगिक शब्दों के अर्थज्ञान में हमें ब्राह्मणों, दर्शनों, उपनिषदों से लेकर आज तक के साहित्य ग्रन्थ तथा निरुक्तादि समस्त व्याकरण सहायक हो सक्ते हैं।

अतः वेदार्थ करने का—

दूसरा नियम—हमें यह ध्यान में रखना चाहिये कि क्रियायें तथा यौगिक शब्द प्रायः समय के साथ अपने अर्थों को नहीं बदलते। अतः सम्पूर्ण संस्कृत साहित्य की सहायता से वेदों में उन के अर्थ जान लेने चाहियें।

जब वेद के कुछ शब्द हमें ज्ञात हो गये तो ज्ञात से

अज्ञात तक जाने की एक सीढ़ी तो पार हो गई। अब अज्ञातार्थक शब्दों को लीजिये । यौगिक शब्दों के ज्ञात हो जाने से शेष योगरूढ़ि शब्द अज्ञातार्थक कोटि में प्रविष्ट रह जाते हैं । योगरूढि शब्द भी जैसा मैं ऊपर कह आया हूं दो प्रकार के होते हैं– ए ार्थक, तथा अनेकार्थक । इनके अर्थों को जानने का क्या उपाय होना चाहिये ?

उन्हें हम ज्ञातों की सहायता से जान सकते हैं। उन के जानने के लिये जिस प्रक्रिया का हम आश्रयण कर सकते हैं वह यह है कि पहले नवीन तथा प्राचीन देववाणी साहित्य में उस शब्द के जिस के हम अर्थ जानना चाहते हैं, जो २ अर्थ पाए जाते हैं, उन्हें सामने रखलें । क्योंकि किसी भी शब्द का काल के प्रभाव से भी मूलार्थ सर्वथा नहीं बदल सकता, वह कहीं न कहीं अवश्य स्थिर रहता है फिर आज तक नैरुक्तों या वैयाकरणों ने जो २ विग्रह उस शब्द के किये हैं उन्हें ढूंडलें । तदनन्तर वैदिक भाषा से उत्पन्न ग्रीक, लेटिन, पाहलवी, पाली आदि भाषाओं के अतत्समानरूप तथा समानाकार शब्दों के अर्थों का निरीक्षण करें । यह सब कुछ करने के अनन्तर हमें चाहिये कि हम उस मन्त्र पर दृष्टि डालें जिस में वह शब्द आया है । वहां जो ज्ञात शब्द हैं उन की सहायता से देखें कि उस शब्द के

सामने रक्खे हुए अनेक अर्थों में से कौन सा अर्थ वहां घटता है। यह एक सीढ़ी शब्दार्थ-ज्ञान की हुई।

अब एक मन्त्र पर दृष्टि डालने की जगह सारे सूक्त पर दृष्टि डालिएँ, तब देखिये कि उन पाये हुए अर्थों में से कौनसा अर्थ उस सूक्त में के ज्ञातार्थ शब्दों के साथ ठीक २ सम्बद्ध होता है। वह दूसरा अर्थ उस शब्द का गृहीत होगा।

फिर आप सूक्त को भी छोड़कर सारे वेद में जहां २ कहीं भी वह शब्द आया हो, देखिये। फिर उस से परिणाम निकालिये कि सारे वेद में उस मन्त्र के क्या अर्थ लिये जाने चाहिये। यह तीसरा अर्थ उस शब्द का गृहीत होगा।

अब इस के अनन्तर मैं एक तुच्छ अपना विचार पेश करता हूं उस पर खूब समीक्षा होनी चाहिये यह केवल एक विचारमात्र है और वह यह कि हर एक योगरूढ़ि शब्द मन्त्रापेक्ष, सूक्तापेक्ष तथा सर्वापेक्ष अर्थ भिन्न २ होते हैं और अतएव तीनों तरह से देखें तो प्रत्येक मन्त्र के तीन प्रकार के अर्थ हो सकते हैं। और उन तीन प्रकार के अर्थों में भी व्यवस्था है। वह व्यवस्था यह है कि प्रत्येक मन्त्र के मन्त्रापेक्ष अर्थ प्रायः आधिभौतिक ज्ञानपरक,

सूक्तापेक्ष अर्थ प्रायः आधिदैविक ज्ञानपरक तथा सर्ववेदापेक्ष अर्थ प्रायः आध्यात्मिक ज्ञानपरक होते हैं।

अपने इस कथन को दृष्टान्त से सिद्ध करने के लिये मैं एक मन्त्र के अर्थ यहां पर देने का यत्न करताहूं। मैं जानता हूं कि मैं इन दो एक मंत्रों के अर्थ करने में भी कृतकार्य्य नहीं होसक्ता, क्योंकि न मैं सारे संस्कृत साहित्यसे परिचय रखता हूं, न मैं ग्रीक लैटिन पाली आदि भाषाओं का ज्ञान रखता हूं जोहर एक परम्परागत शब्दार्थ को सामने रख सकूं। और उनमें से चुनने के लिये जितना तर्क चाहिये वह भी मुझमें नहीं है तथापि अपने कथन को स्पष्ट करने के लिये कुछ मंत्रों का व्याख्यान करना आवश्यक समझ कर मैं यहां साहसिक कार्य्य भी कर ही देताहूं।

सबसे पूर्व ऋक् का निम्न लिखित मंत्र लीजियेः—

'आनो ब्रह्माणि मरुतः समन्यवो नरां न शंसः सवनानि गन्तन। 'अश्वाभि वपिय्यत धेनु भूधनि कर्ता धियं जरित्रे वाजपेशसम्'। ऋ०। ३४। ६।

सबसे प्रथम इसके मन्त्रापेक्ष अधिभौतिक अर्थ लीजिये — यहां पर अर्थ करनें से प्रथम आधि-

भौतिकादि शब्दों के अर्थ बतादेनें भी आवश्यक हैं पं० श्रीपाद दामोदर सातवेलकरजी नें गतवर्ष जो निबन्ध वेद विषय पर इसी सम्मेलन में पढ़ाथा उसी से मैं उनके लक्षण यहां उद्धृत करताहूं। वायु जल विद्युत् अग्नि वनस्पति आदि देवताओं का ज्ञान आधिदैविक ज्ञान, मनुष्य पशु पक्षी आदि प्राणियों के ज्ञान आधिभौतिक ज्ञान, और आत्मा परमात्मा तथा सृष्ट्यादि विषयक सब ज्ञान आध्यात्मिक ज्ञान कहाताहै।

पहले इस मंत्र के ज्ञात यौगिक शब्द देख लेने चाहियें। आगन्तन, पिप्यत, कर्त्ता, जरित्रे ये शब्द ज्ञात तथा यौगिक हैं। आगन्तन का अर्थ आवो, पिप्यत का पुष्ट करो, कर्त्ता के अर्थ करने वाला और जरित्रे के अर्थ स्तुति करने वाले के लिये के हैं। नः शब्द अज्ञातहै किन्तु इसके एक ही अर्थ लिये जा सक्तेहैं क्योंकि 'नः ब्रह्माणि सवनानि' की विभक्तियें ही स्पष्टबतारही हैं कि 'नः के अर्थ हमारे' के हैं, हमारे लिये के नहीं। आगे मरुतः शब्द को लीजिये। मरुत् शब्द के दो अर्थ हिरण्य तथा रूप तो इस मन्त्र में मरुत् शब्द में बहुवचन होनें के कारण ही परास्त हो जाते हैं क्योंकि इनका वाचक मरुत् शब्द एकवचन है। मरुत्

के निघण्टु—सम्मत तीन और अर्थ हैं एक वायु दूसरा देव तथा तीसरा ऋत्विक्। इनका वाचक मरुत् शब्द बहुवचन होता है अतः झगड़ा इन तीनों अर्थों में ही रहजाता है। किन्तु उसका भी निर्णय शीघ्र ही हो जाता है। "सवनानि आगन्तन" इन पदों पर दृष्टि डालिये। सवननाम है यज्ञ का। इस मन्त्र द्वारा मरुतः पद—वाच्यों को यज्ञ में बुलाया है उपर्युक्त तीनों में से यज्ञ का अत्यन्त पार्श्ववर्ती अर्थ 'ऋत्विक्' स्पष्ट है। सवनानि का विशेषण ब्रह्माणि है। ब्रह्मन् शब्द के भी कई अर्थ होते हैं। यानी अन्न, धन तथा बड़े को ब्रह्म कहते हैं। इन चार अर्थों में से सवनानि के विशेषण ब्रह्माणि का एक ही अर्थ हो सक्ता है, और वह 'बृहत्' है। आगे 'मरुतः' का समन्यवः विशेषण है। मन्यु यज्ञ को तथा क्रोध को कहते हैं। यह स्पष्ट है कि ऋत्विकों के विशेषण समन्यु शब्द में मन्यु शब्द के अर्थ यज्ञ ही होंगे, और समन्यु शब्द के अर्थ "समान यज्ञवाला" यह होगा। "नरो नशंसः" के अर्थ स्पष्ट हैं। अगले पद में अश्वा और धेनु पद में सन्देह है। किन्तु थोड़े से विचार से प्रतीत हो जाता है "घोड़ी तथा गौ" को समानतया पुष्ट करने की प्रार्थना है। मरुतः बहुवचन है अतः कर्त्ता शब्द का एकवचन भी बहुवचन को ही कहेगा। जरित्रे वाजपेशसं धियं कर्ता श्रोता मनु-

ष्य के लिये "वाजपेशसं" ज्ञानरूपांधियं बुद्धिङ्कर्तारः। स्तुति करनेवाले के लिये ज्ञानरूप बुद्धि को करने-वाले, यह ऋत्विकों का विशेषण है। इस प्रक्रिया द्वारा, तर्क तथा साहित्य व्याकरणादि की सहायता से हम इन अर्थों पर पहुंचते हैं। यजमान ऋत्विकों से प्रार्थना करता है कि तुम हमारे बड़े यज्ञों में इसी तरह पधारो जिस तरह अन्य लोगों की प्रशंसायें हमारे यज्ञ में आ रही हैं। तुम घोड़ी तथा गौ की एकसी रक्षा करो, तथा जो तुम लोगों के गुणों का गान करे उसे ज्ञान-युक्त बुद्धि प्रदान करो। यह इस मन्त्र का मन्त्रापेक्ष, आधिभौतिक अर्थ हुआ।

अब सूक्तापेक्ष आधिदैविक अर्थ देखिये। सू-क्तापेक्ष अर्थ करने में जो यहां भेद होता है या कहीं अन्यत्र भी होता है उस का मुख्य बीज प्रायः देव-तावाचक शब्द होता है। यहां सूक्त की देवता "मरुतः" है। मन्त्रापेक्ष अर्थ करने में हमने "ऋ-त्विजः" अर्थ किया है, किन्तु सूक्तापेक्ष अर्थ करने में हम इस के यह अर्थ नहीं कर सक्ते, क्योंकि अन्य मन्त्रों में मरुतः के "धारावराः" "भीमा" "द्युतयन्त "वृष्टयः" "दविध्वतः" "भ्राजदृष्टयः" आदि विशेषण हैं। इन विशेषणों के देखने से स्पष्ट सिद्ध होता है कि मरुतः के उपर्युक्त अर्थों में से यहां पर "वायु"

या उस से अधिक सम्भवतया "अन्तरिक्षस्थान के देवता या शक्ति में" लेनी चाहियें । उस पक्ष में "ब्रह्माणि" के अर्थ "अन्नानि" करने होंगे, क्योंकि वायु के या अन्तरिक्ष स्थान की शक्तियों के सम्बन्ध में ब्रह्माणि शब्द से "वृहन्ति" लेने में कोई विशेष तात्पर्य्य नहीं । "सवनानि" के अर्थ "अभिषवशीलानि" होगा और वह अन्नका विशेषण ठीक हो जायगा । शेष सारे मन्त्र का अर्थ पूर्व प्रकार से ही रहेगा । जैसे पहले अर्थों में ऋत्विकों से यज्ञ में आने के लिये प्रार्थना की गई थी, अब अन्तरिक्ष में कार्य्य करने वाली शक्ति से सरस अन्नों को प्राप्त होने की प्रार्थना है ।

शेष रहा आध्यात्मिक अर्थ । वह तो वेद में एक ही जगह निश्चित कर दिया है ।

'इन्द्रं मित्रं वरुणमग्नि माहुरथो दिव्यः सुपर्णो गुरुत्मान् । एकं सद्विप्राः बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः ॥ ऋ० । १ । १६५ ।

इस मन्त्र द्वारा उपलक्षण से वेद ने बता दिया कि जितने देवता वेद में भिन्न २ स्थानों में वर्णित हैं, वस्तुतः वे सब एक ईश्वर की ही शक्ति के भिन्न २ आविष्कार हैं । अन्य सब देवताओं की प्रशंसा

इस एक महादेव की प्रशंसा में लीन हो जाती है। यास्कीय निरुक्त में भी कहा है "माहाभाग्याद्देवताया एक आत्मा बहुधा स्तूयते एकस्यात्मनोऽन्येदेवाः प्रत्यङ्गानि भवन्ति" अर्थात् यद्यपि मुख्य देवता एक है तथापि वह अनेक गुणों के कारण अनेक रूपों में वर्णित होता है, एक ही महती शक्ति की अनेक अवान्तर शक्तियें देवता रूप से विद्यमान हैं।

अतः अन्य किसी झगड़े में पड़े विना हम कह सक्ते हैं कि सारे के सारे वेद मन्त्र, चाहे वे अन्य किसी ही देवता के गुण का वर्णन करते हों, अंत को ईश्वर के ही गुणों का बखान करते हैं क्योंकि उसी की सर्व व्यापिनी शक्ति के बल से सब शक्तियें काम कर रही है।

इस प्रकार विचार पूर्वक देखने से प्रतीत होता है कि वेद के प्रत्येक मन्त्र के तीन प्रकार के अर्थ हो सक्ते हैं। उन अर्थों के करने के लिये किन २ भागों का अवलम्बन करना चाहिये, तथा किन २ विद्याओं की सहयाता लेनी चाहिये। यह भी स्पष्टतया ऊपर ही पता लग गया होगा। उन सब बातों का संक्षेप यह है कि।

(१) वेदार्थ करने के लिये सब से प्रथम न

केवल नवीन संस्कृत तथा वैदिक साहित्य व्याकरणादि का ही ज्ञान आवश्यक है, वैदिक भाषा से निकली हुई अन्य ग्रीक लैटिनपाली पाहलवी आदि भाषाओं का जानना भी आवश्यक है, क्योंकि सम्भव है कई वैदिक शब्दों के अर्थ नवीन संस्कृत में न आये हों किन्तु अन्य भाषाओं में चले गये हों। यद्यपि यह यहां कह देना चाहिये कि शायद इन अन्य भाषाओं की सहायता की आवश्यकता हज़ार पीछे एक शब्द में पड़े, तो भी उस सहायता को छोड़ कर यदि उस हज़ारवें शब्द के अर्थ को हम खोबैठें तो भी हमने वेदार्थ का एक बड़ा हिस्सा खोदिया।

(२) दूसरी आवश्यकता वेदार्थ करने में वेदों के अनवरतपाठ तथा गाढ़े ज्ञान की है, अन्यथा वेद द्वारा ही वैदिक शब्दों के अर्थों के ज्ञान की आशा पूरी नहीं होसक्ती।

(३) तीसरी बड़ी भारी आवश्यकता ठीक २ तर्कनाशक्ति की है। बिना तर्क के उपर्युक्त दोनों प्रकार की सहायतायें हमें कुछ लाभ नहीं देसक्तीं।

इन तीनों स्थानों से हमें जो सहायतायें मिलती हैं, उन्हें लेते हुवे हमें चाहिये कि हम बड़े यत्न तथा खोज से वेदों के अर्थों में प्रवृत्त हों, और वैदिक शब्दों को (कामधेनु के अर्थों में) यौगिक मानते

हुवे, हरिश्चन्द्र के अर्थ राजा और शुनःशेप के अर्थ बद्धपुरुष के कहके ही काम न निकालते जावें।

वेदों के अर्थ करते हुवे एक झगड़ा और पड़ जाता है, उसे निपटाये विना भी काम नहीं चलता। वह झगड़ा यह है कि कहीं वेद में देवता का 'वह' पद से वर्णन है, कहीं उसका तू करके सम्बोधन किया है, और कहीं वही देवता 'मैं' कहकर अपना वर्णन करती है। दृष्टान्त के लिये "अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत सदेवांएहवक्षति" इस मन्त्र में अग्नि का 'स' पद से वर्णन है, "अग्ने त्वं पारयानव्यो अस्मान्त्स्वस्तिभिरग्ति दुर्गाणि विश्वा। पूश्वपृथ्वी बहुलानउर्वीभवा तोकायतनयाय शन्तनोः" इस मन्त्र में उसी अग्नि का त्वं करके वर्णन है। 'अहं' पद से जिन मन्त्रों में किसी देवता का वर्णन है, ऐसे मन्त्र बहुत थोड़े हैं। निम्न लिखित मन्त्र दृष्टान्त रूप से दिया जा सक्ता है। "अह मिन्द्रो वरुणस्ते महित्वोर्वी गभीऐ रजसी सुमेके त्वष्टेवविश्वा भुवनानि विद्वान्समैरयं रोदसी धारयं च।" ऋक्०। ४। ४२। ३।

इन्हीं प्रकार के मंत्रों को 'परोक्षकृताऋचः' 'प्रत्यक्षकृताऋचः' तथा 'आध्यात्मिक्यः' के नाम से निरुक्तकार ने पुकारा है। इन प्रकारों के भेद से वेदार्थ में बड़ी गड़बड़ लोगों ने की है। 'प्रत्यक्षकृत' ऋचा-

ओं के कारण त्वं शब्द से भूलकर कई लोगों ने इन्द्र अग्न्यादि देवों को शरीरी सुननेवाला मान लिया है। 'आध्यात्मिकी' ऋचाओं के 'अहम्' पद के भ्रम में पड़कर पाश्चात्य विद्वानों ने वेदों में देवों की बात चीत तक निकाल डाली है। किन्तु वस्तुतः ध्यान लगाकर देखा जाय तो वदों में इन तीनों प्रकारों से वस्तुतः एक ही पदार्थ का अनेक रूपों से वर्णन किया जाता है। किसी देव का या किसी पदार्थ का 'वह' पद से वर्णन कीजिये, उसे तुम कहकर पुकारिये, या मैं शब्द से उसके द्वारा ही कुछ कहाइये, अभिप्राय एक ही है। स, त्वं, अहम् के प्रयोग से वेद में वक्तृभेद सा अभिप्राय भेद नहीं, यह स्वयं वेद के ही प्रामाण्य से दिखा सक्ते हैं, ऋग्वेद के प्रथम सूक्त में ही देखिये। एक मंत्र 'अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत। स देवान् एह वक्षति'इस मंत्र में "स" पद से अग्नि का वर्णन है। इसी सूक्त में आगे मंत्र है—'यदङ्गदाशुषेत्वमग्ने भद्रङ्करिष्यसि। तवेत्तत्सत्यमङ्गिरः'। इसमें उसी अग्नि का "त्व" पद से आह्वान है। पास ही पास के मंत्रों में अहं स तथा त्वं का एक ही वस्तु का प्रयोग बताता है कि अग्नि को "त्वं" पद से बुलाने में केवल वर्णन के प्रकार का भेद है, अभिप्राय भेद नहीं।

इसी प्रकार से त्वं तथा अहम् का एक सूक्त में,

एक ही देव के वर्णन में आना भी बता रहा है कि इन शब्दों के प्रयोग से केवल वर्णन प्रकार में भेद है, वक्तृ-भेद नहीं। चतुर्थ मण्डल के बयालीसवें सूक्त पर दृष्टि डालने से हमें ऐसा ही दीखता है।

'मांनरः स्वश्वा वा जयन्तो मांवृताः समरणे हवन्ते। कृणोम्याजिम्मघवाहमिन्द्र इयर्मिरेणुमभि भूत्योजाः।'

इस में इन्द्रदेव का अहं शब्द--प्रयोग द्वारा वर्णन किया गया है--किन्तु दूसरे ही मन्त्र में उस का त्वं शब्द से वर्णन है—मन्त्र यूं है—

'विदुष्टे विश्वा भुवनानि तस्य ता प्रब्रवीषि-वरुणाय वेधः। त्वं वृत्राणि शृण्विषेजघन्वान्त्वं वृताँ अरिणा इन्द्रसिन्धून्॥'

इन उपर्य्युक्त दृष्टान्तों से आप को प्रतीत हुआ होगा कि अहम् त्वं तथा सः के प्रयोग से वेद में वक्ता या श्रोता में भेद नहीं होता, वही एक मात्र वेदों का वक्ता है, और वे ही मनुष्य उन के श्रोता हैं।

इस उपर्य्युक्त प्रकार से यदि वेदों का अनुशीलन किया जावे, तो सम्भव है कि हम वेदों के किन्हीं निश्चित अर्थों पर पहुंच सकें। आर्य्यसमाज का सदा से दावा रहा है कि वेदों के अर्थों का वेदों से ही जानना ठीक है। तर्क ऋषि की सहायता पाकर तथा

कई स्पष्ट अंशों में संस्कृत तथा अन्य भाषाओं की भी सहायता लेकर हम वेदों में से ही वेदों के अर्थों को जान सक्ते हैं। जब तक हम वेदों में से ही वैदिक शब्दों अर्थोंका निश्चय न करेंगे, और जब तक हम हरएक शब्द के अपने किये हुए अर्थ के लिये पर्य्याप्त प्रमाण उपस्थित न करेंगे, तब तक विद्वानों तथा समीक्षकों की दृष्टि में हमारे किये वेदार्थ कुछ भी कीमत नहीं रख सक्ते।

साथ ही जब तक हम अपने पूर्वाभ्युपगमों का त्याग करके और इस निश्चय को छोड़ कर कि जो कुछ हम समझते या नवीन विज्ञान से पढ़ते हैं वही वेदों से निकलना चाहिये, वेदों के भाषाक्रम द्वारा तथा वेदों द्वारा वेदों के अर्थ करने का यत्न नहीं करते तब तक कोई भी निष्पक्षपात विरोधी वेदों के गौरव का क़ायल नहीं हो सक्ता। वेद के प्रत्येक शब्द के जो अर्थ हम करते हैं, उसके लिये हमारे पास काफ़ी सबूत चाहियें। जब तक वह हमारे पास वह नहीं है, तब तक वैदिक शब्दों को यौगिक मान कर उन के मनमाने अर्थ कर जाना योग्य नहीं है। हमारे ऐसे अर्थों को देख कर कोई भी वेदविरोधी वेदों पर विश्वास नहीं कर सक्ता।

कारण इस का यह है कि यदि शब्द यौगिक हैं,

यदि वेदों के शब्द सर्वार्थवाची हैं तो कृपया हमें बताइये कि सायणकृत वेदार्थों के न मानने में हमारे पास क्या युक्ति है । शायद आप कहेंगे कि सायण के अर्थ बुद्धि विरुद्ध होने से अमाननीय हैं । यह ठीक है, किन्तु इस हालत में सत्यता तथा असत्यता की परख करने वाली आप की बुद्धि हुई, न कि वेद । क्योंकि आप की सम्मति में, आप की बुद्धि जो कुछ माने या नवीन विज्ञानादि जो कुछ कहे, वही वेदोक्त है । उस समय आप के वेदों का स्वतः प्रमाणत्व और मनुष्य बुद्धि का परतः प्रमाणत्व कहां जायगा ।

आप में से कई शायद कहेंगे कि सायणादि के किये हुए वेदार्थ प्राचीन आर्षग्रन्थों के किये हुए अर्थों के विरुद्ध होने से अमाननीय हैं । यहां फिर मेरा वही प्रश्न है कि वेद स्वतः प्रमाण हैं या पुराने आर्षग्रन्थ स्वतः प्रामण हैं ? यदि वेद स्वतः प्रमाण हैं तो पुराने आर्षग्रन्थों की सत्यता वेदों के अनुकूल होने से सिद्ध होगी, न कि वेदार्थ की सत्यता उन के अनुकूल होने से ।

सम्भव है कि कई महाशय कहें कि सायणादि के अर्थ व्याकरण तथा निरुक्त के विरुद्ध होने से अमाननीय हैं । उन से भी मेरी प्रार्थना है कि सायणा-

चार्य्य के अर्थों को जो वीर व्यारण के विरुद्ध कहता है वह संस्कृत व्याकरण से अनभिज्ञ है। संस्कृत व्याकरण में वैदिक भाषा का जो हिस्सा है उसे जिस ने देखा है वह कभी नहीं कह सक्ता कि सायण के किये हुए वेदार्थ व्याकरण से विरुद्ध हैं। शेष रहा निरुक्त, वह वेदार्थ की ताली कही जाती है। मेरी समझ में वह ताली तो है, किंतु ऐसी ताली है जो लगाने से कई एक घरों के दरबाज़े एक दम खोल देती है और वास्तविक हमारे प्राप्य कमरे का ढूंढ लेना हम पर छोड़ देती है। निरुक्त से हम शब्दों का व्युत्पत्तिप्रकार जान सक्ते हैं, एक शब्द के अनेक विग्रह जो सम्भव हैं हमें निरुक्त से प्रतीत हो सक्ते हैं, किन्तु उस को वेदार्थ का निश्चायक कहना ठीक नहीं वेदार्थ का निश्चायक तो वेदों का तार्किक दृष्टि से निरीक्षण ही है।

विना इस तार्किक निरीक्षण के वेदों का अर्थ करना कठिन है। किन्तु एक और भी मार्ग है जिस से हम वेदार्थ तक पहुंच सकते हैं, और वह मार्ग योग का और समाधि का मार्ग है वेदों के अर्थ करने का वह प्रकार जो ऊपर कहा गया है साधारण पुरुषों के लिये है, असाधारण पुरुषों के लिये नहीं, सारे वृक्ष पृथिवी में अपनी जड़ों द्वारा अपना भोजन खींच कर

लेजाते हैं किन्तु उस आकाशलताको देखिये जो विना पृथिवी में प्रवेश किये ही हरीभरी दिखाई देती है। यही हाल असाधारण पुरुषों का है। जिस कार्य्य को करने के लिये साधारण पुरुषों को अनन्त परिश्रम करना पड़ता है, असाधारण पुरुष उस कार्य्य को अनायास ही कर डालते हैं। विश्वामित्र को जिस ब्राह्मण्य पाने के लिये अतिदीर्घ तप करना पड़ा वसिष्ठ नें उसे बाल्यावस्था में ही पा लिया था; इंग्लैण्ड का प्रसिद्ध दार्शनिक मिल कहा करता था कि मैं जिन दार्शनिक परिणामों पर बड़े लम्बे चौड़े तर्क के अनन्तर पहुचता हूं, प्रसिद्ध भविष्यद्दर्शी कालाईल उसे अपनी ज्ञान दृष्टि से सहज में ही देखलेता है।

इसी प्रकार जिस वेदार्थ को जानने के लिये हम साधारण पुरुषों को बड़े लम्बे तथा जटिल रास्तों पर से चलने की आवश्यकता है, योगी तथा ध्यानी असाधारण पुरुष उसे सहज ही में जान लेते हैं। जो लोग उन योगियों तथा ध्यानियों से प्रभावित होजाते हैं, यह उन का कर्तव्य होता है कि वे उनके किये अर्थ को तर्क तथा उपर्युक्त प्रमाण शृङ्खला द्वारा पक्का करके लोगों के सामने रक्खें, क्योंकि विना इन दोनों बातों के कोई भी विरोधी उसे मानाने के लिये तय्यार न होगा।

ऋषि दयानन्द योगी थे, ध्यानी थे, वे असाधारण पुरुषथे । उन्होंने अपनी ज्ञान दृष्टि से ही वे अर्थ कर लिये जिन्हें साधारण पुरुष शायद बड़ी लम्बी खोज के अनन्तर भी न पा सक्ते किन्तु उन अर्थों पर अन्य लोगों का विश्वास जमाने के लिये, अवशिष्ट वेदों के अर्थों की खोज करने के लिये तथा ऋषिकृत वेदार्थ को सत्यता प्रकाशित करने के लिये हमें वेदार्थ करने के उपर्युक्त जटिल प्रकारों की आवश्यकता है । उन के तथा तत्सदृश अन्य प्रकारों के विना अब कार्य्य न चलेगा । हम लोग साधारण पुरुष होते हुवे भी असाधारण पुरुषों के मार्गों का अवलम्बन करते हैं और वेदार्थ की खोज में यत्न न करते हुवे ऋषि दयानन्द के हस पल्ले बन कर धड़ाधड़ वेदार्थ किये जाते हैं। हमें संभलना चाहिये, हमें देखना चाहिये कि लोग हमें क्या कहते हैं, कहीं लोग हम पर हंसते तो नहीं ! यह भी विचार रखना चाहिये कि हमारे किये वेदार्थों पर कोई विश्वास भी रखता है या नहीं ? हमारे किये वेदार्थों का गौरवभी कुछ बढ़ता है या नहीं ?

इस विषय को यहां छोड़ कर अब मैं उन प्रकारों के विषय में कुछ कहना चाहता हूं, जिन का वेदार्थ करने के लिये अब तक अवलम्बन किया जाता रहा है ।

प्रथम, यदि हम साधारणतया उन प्रकारों के भेद करने लगें तो वे दो पक्षों में विभक्त हो जाते हैं। उन में से एक पक्ष ऐतिहासिक पक्ष और दूसरा यौगिक पक्ष है। ऐतिहासिक पक्ष से मेरा उस पक्ष से अभिप्राय है जो वेदों की भाषा तथा धर्म का सापेक्षकदृष्टि से निरीक्षण करता है। वेदों की भाषा की ग्रीक तथा लेटिन आदि भाषाओं के साथ तथा वेदों के धर्म की बेबीलोन, सीरिया, ग्रीस आदि देशों की पुरानी धार्मिक दशा के साथ तुलना करते हुए ये लोग अपने अभ्युपगत सिद्धांतों के अनुकूल वेदों को लगाते हैं। पाश्चात्य विद्वान् इसी पक्ष के पक्षपाती हैं। वे लोग अन्य धर्मों तथा भाषाओं की अपेक्षया वेद के अर्थों तथा भाषा का अध्ययन करते हैं। ऐसे लोगों की कई एक अशुद्धियें हैं जिन के कारण वे ठीक २ वेदार्थ पर नहीं पहुंच सकते।

(१) सब से प्रथम ऐसे विचारकों के मन में वेद प्रतिपाद्य धर्म के विषय में एक विशेष प्रकार के विचार पहिले से ही बैठे रहते हैं। उन का यत्न सदा यह होता है कि किसी न किसी तरह वेदप्रतिपाद्य धर्म बेबीलोनिया आदि के धर्म के साथ कुछ समानता रखता हुवा सिद्ध हो जावे। वे जिस समानता के नियम को वेदों के अनुशीलन से सिद्ध करना चाहते

हैं, प्रायः उसी को पहले मान कर उस की चांदनी में वेदों का अनुशीलन करते हैं। इस से निष्पक्षपात समालोचना का सारा का सारा प्रभाव उड़ जाता है।

(२) दूसरी ग़लती जो ऐसे विचारक लोग करते हैं यह है कि वैदिक शब्दों के अर्थ करने में प्रायः सायणादि का अनुगमन करते हैं। किन्तु यह अनुगमन वहीं तक चलता है, जहां तक कि उन बिचारकों के पूर्वाभ्युपगत बिचारों के साथ वह आनुकूल्य रक्खे। उसके साथ प्रातिकूल्य होते ही वे झटपट उन अर्थों को छोड़छाड़ कर ग्रीकलैटिन आदि भाषाओं का आश्रय ले लेते हैं।

दूसरा पक्ष, यौगिक पक्ष है। इस यौगिक पक्ष में अन्य अनेक उपपक्ष हैं। वे उपपक्ष प्रायः भारतवर्ष देश में ही प्रचलित हैं। उन उपपक्षों को एक २ करके लेता हुवा मैं उनके विषय में कुछ थोड़ा बहुत बिचार करूंगा।

(१) प्रथम उपपक्ष ऐतिहासिक है। इस पक्ष के अनुगामी यास्क के निरुक्त से भी पूर्व विद्यमान थे। ये लोग मानते थे तथा मानते हैं कि इन्द्र अग्नि आदि सब देव तथा इन का सङ्ग्रामादि सब घटनायें वस्तुतः हुई थीं, वे ऐतिहासिक घटनायें थीं। ऐसे

ही लोग अनेक पौराणिक गाथायें वेदों में से दिखाते हैं। वैदिक शब्दों के यौगिक अर्थ करते हुए ही ये लोग वेदों में से इतिहास निकालते हैं। ऐसे विचारकों की भूल स्वयं वेद से सिद्ध हो सक्ती है। वेद का 'इन्द्रं मित्रं वरुण मग्नि माहुरि' इत्यादि मंत्र जो ऊपर भी दिया जा चुका है, ऐसे विचारकों के पक्ष का सर्वथा विध्वंस कर देता है। यदि ऐसे इंद्रादि देव शरीरधारी प्राणी थे, तो एक ईश्वर वह सब कुछ कैसे हो सक्ता है। और इंद्रादि के शरीरधारी प्राणी होने में वेद या कोई प्रबल प्रमाण नहीं है, अतः इंद्रादि का संसार में कार्य्य करने वाली शक्तियें मानना ही स्पष्ट है।

दूसरा याज्ञिक उपपक्ष है। याज्ञिक उपपक्ष का मूल मन्त्र 'आम्नायस्य क्रियार्थत्वादानर्थक्य मतदर्थानाम्' यह सूत्र है। इस पक्ष के याज्ञिक लोग मानते हैं। कि वेद यज्ञों में विनियोग के लिये ही है, वेदों का अन्य कोई प्रयोजन नहीं। इस पक्ष का वेदभाष्य ब्राह्मणों तथासूत्रग्रंथों को समझिये। ब्राह्मणों में प्रायः सब वेदमन्त्र यज्ञों में ही विनियुक्त किये गये हैं। आरण्यक भागों को छोड़ कर सारे ब्राह्मण सूत्रग्रन्थ कर्मपरक ही वेदों का विधान करते हैं। इन पक्ष वालों का जैसा उत्तम खण्डन

श्री. शङ्कराचार्य्यजी ने अपने शारीरिक भाष्य में किया है, वैसा अन्यत्र शायद ही कहीं मिले। सारे वेदों को कर्म्म परक लगाने वाले महाशय 'अग्नि र्हिमस्य भेषजम्' 'तमेवविदित्वाऽतिमृत्युमेति इत्यादि स्पष्ट ज्ञानविधायक मन्त्रों की कुछ भी व्यवस्था नहीं कर सक्ते।

तीसरा उपपक्ष आलङ्कारिक उपपदा है, इस पक्ष के पक्षपाती सारे वेदों को आलङ्कारिक सिद्ध कर देने के पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं॥

इन महाशयों की सम्मति में सुवर्ण, सप्तऋषि, सप्तलोक, उनिञ्चासवायु, सप्त होता, गौ, धेनु, विप्र, आत्मा, सोम, चन्द्रमा, पञ्चजन, पञ्चब्रह्मपुरुष, देव, असुर आदि समस्त वेदान्तर्गत शब्द एक प्राण अर्थ के ही कथन करने वाले हैं। जो सप्तऋष्यादि के वर्णन हैं, वे सब आलङ्कारिक हैं—वस्तुतः वे प्राणों के ही वर्णन के लिये घड़े गये हैं। ऐसे महाशयों से एक निवेदन है कि आलङ्कारिक वर्णन होने से वेद का कोई गौरव नहीं होता, किन्तु उसकी कृशता प्रकाशित होती है। जो वेद केवल मनुष्य हितार्थ प्रकाशित हुए उनमें भुलाने वाले आलङ्कारिक वर्णन भरे हुए हैं, ऐसा समझने से उनके प्रकाशक की कितनी न्यूनता प्रतीत होती है। यदि ज़रा भी विचार किया

जांय तो जैसे २ अलङ्कार हमारे अलङ्कारप्रिय वेदवक्ता वेदों में से दिखाते हैं, उनके लिये वेद में कोई प्रमाण नहीं, कोई साधक हेतु नहीं।

चतुर्थ उपपक्ष यौक्तिक है यौक्तिक उपपक्ष के मानने वाले महाशय मानते हैं कि वेदों में सारा विज्ञान तथा सारी विद्यायें भरीपड़ी हैं इन महाशयों का इतना मानना तो ठीक है पर इस के आगे जो कुछ यह करते हैं उसे कोई भी निष्पक्षपात मनुष्य ठीक नहीं मान सकता। जो कुछ ऐसे वेदज्ञों की समझ में ठीक जचता है सो ही वेद में से निकाल देते हैं जो विज्ञान मन में भाता है उसे ही वेद में से दिखाने का प्रयत्न करते हैं। ऐसे लोगों की अनुचित कार्य्यवाही स्वयं गर्हित है। क्यों कि यह वेदों के अर्थों के जानने की चेष्टा नहीं करते, किन्हीं विशेष स्वाभिमत बातों को वेदों के सिर मढ़ने की चेष्टा करते हैं।

अन्तिम निवेदन।

इन वेदार्थ के अनेक प्रकारों के साधारण निरीक्षण के अनन्तर मैं अपने निबंध को समाप्त करता हूं। परंतु प्रथम इस के मैं इतना कहदेना चाहता हूं कि इस निबंध के लिखने से मेरा मुख्य प्रयोजन यह दिखाना है कि वेदों के अर्थ जानने का वास्त-

थिक मार्ग बहुत कठिन है। उस मार्ग का अवलम्बन करने से यद्यपि हम एक बड़े वेद वक्ता न हो सकेंगे तथापि हम वेदार्थ जानने की ओर जो उन्नति करेंगे वह निश्चित होगी। साथ ही मैं यह भी कह देना चाहता हूं कि जो कुछ मैंने दिखाया है उसे वेदार्थ का एक पूर्ण प्रकार कहना एक प्रकार की शठता होगी। मेरा प्रयोजन केवल यह दिखाना था कि हम किस प्रकार से वेदार्थ के प्रकार की खोज कर सक्ते हैं। यह निबंध उस खोज करने में प्रवृत्त होने के लिये केवल प्रार्थना मात्र है। वेदार्थ का ठीक २ प्रकार तो उस खोज का फल होगा। और यह निश्चित बात है कि वेदार्थ करने के प्रकार के जाने विना वेदार्थ करना विडम्बना मात्र है। अतः इस विषय के ऊपर कुछ एक तुच्छ विचारों को उपस्थित करने की शठता के लिये क्षमा मांगता हुआ मैं इस विषय को समाप्त करता हूं।

इति शुभम्।

---

* ओ३म् *

गुरुकुलीय साहित्य परिषद्

के

उद्देश्य

निम्नलिखित उद्देश्यों से परिषद् स्थापित की गई है :—

१—गुरुकुल महाविद्यालय के विद्यार्थियों में विद्या प्रेम बढ़ाने और भिन्न २ विषयों पर निवन्ध पढ़वाकर उन की समालोचना शक्ति को उत्तेजित करने के लिये ।

२—प्राचीन और नवीन संस्कृत साहित्य अर्थात् वेद ब्राह्मण, दर्शन, इतिहास, काव्य आदि विषयों की खोज करने और यथासम्भव उस के परिणाम को प्रकाशित करने के लिए;

३—पहले से इस खोज में प्रवृत्त विद्वानों को एकत्रित करने और परस्पर विचार करने का अवसर देने के लिये;

४—बाह्य विद्वानों से निबन्धों को पढ़वाकर और व्याख्यानों को दिलवाकर गुरुकुल के विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए ।

नोट—साहित्य परिषद् के सभासद् बनने के अभिलाषियों को २) वार्षिक चन्दा देना होता है ।

* ओ३म् *

साहित्यपरिषत्

सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम् ।

इह गुरुकुले विद्वद्भिश्छात्रैश्च सम्भूय साहित्यपरिषद-भिधा परिषदेका स्थापिताऽस्ति । प्रतिपक्षमस्या अधिवेशनं जायते । तत्र च प्रतिवारमेको निबन्ध आर्यभाषया गीर्वाण-वाण्या च निबद्धः श्राव्यते । यमधिकृत्य च विवादोऽपि प्रवर्तते । अस्याः सभासत्त्वमीप्सुभिः प्रतिवर्षं रूप्यकद्वयं प्रदातव्यं भवति ।

विश्वमित्रः
मन्त्री साहित्यपरिषदः

पं० अनन्तराम शर्म्मा के प्रबन्ध से सद्धर्म्म-प्रचारक यन्त्रालय
गुरुकुल कांगड़ी में मुद्रित ।